

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 151 | ग्वालियर सोमवार, 20 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# अभूतपूर्व., महिला से यौन उत्पीड़न पर बयान के मामले में राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस को भेजा 4 पन्नों का जवाब

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार (19 मार्च) को महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर अपने भारत जोड़ो यात्रा भाषण के संबंध में दिल्ली पुलिस के नोटिस का जवाब दिया है. पीटीआई के सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस के नोटिस पर राहुल गांधी ने 4 पेज का जवाब भेजा है. इसमें राहुल गांधी ने भाषण के 45 दिन बाद पुलिस की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल खड़ा किया है.दिल्ली पुलिस के नोटिस के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि ये कार्रवाई अभूतपूर्व है. उन्हें उम्मीद है कि इस पुलिस कार्रवाई का अडानी मामले सहित विभिन्न मुद्दों पर संसद और बाहर उनके स्टैंड से कोई लेना-देना नहीं है. राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस के नोटिस के प्रारंभिक जवाब में ज्यादा जानकारी देने के लिए 8-10 दिन मांगे. दिल्ली पुलिस ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से प्रारंभिक जवाब मिला है, लेकिन उनकी ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है जो जांच को आगे बढ़ा सके.इससे पहले रविवार को दिन में दिल्ली पुलिस की टीम महिलाओं के यौन उत्पीड़न के बयान के संबंध में राहुल गांधी की ओर से की गई टिप्पणी को लेकर बात करने के



लिए उनके आवास पर पहुंची थी. दिल्ली के स्पेशल सीपी (एल एंड ओ) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की टीम भारत जोड़ो यात्रा के दौरान की गई उनकी महिलाओं का अब भी यौन उत्पीड़न वाली टिप्पणी को लेकर जारी नोटिस के सिलसिले में आवास पर पहुंची. ये मामला गंभीर है और हम पीड़ितों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने कहा है कि वह जितनी जल्दी हो सके सभी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे.दरअसल, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट का संज्ञान लेते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को एक प्रश्नावली भेजी थी और उनसे यौन उत्पीड़न की शिकायत को लेकर संपर्क करने वाली महिलाओं के बारे में जानकारी देने को कहा था. पुलिस के मुताबिक, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के श्रीनगर फेज के दौरान बयान दिया था कि मैंने सुना है कि महिलाओं का अब भी यौन उत्पीड़न हो रहा है. अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने कांग्रेस नेता से इन पीड़ितों का विवरण देने को कहा था, ताकि उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जा सके.

## एक नजर

### अमृतपाल सिंह की तलाश जारी, पुलिस ने अब तक 112 लोगों को किया गिरफ्तार, पंजाब में हाई अलर्ट



खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह अभी तक फरार है. पंजाब पुलिस ( ) ने अमृतपाल की गिरफ्तारी को लेकर रविवार (19 मार्च) को लगातार दूसरे दिन सर्च ऑपरेशन जारी रखा. इस बीच पंजाब सरकार ने राज्य में इंटरनेट सेवाएं सोमवार दोपहर 12 बजे तक के लिए निलंबित कर दी हैं. पंजाब पुलिस ने लोगों से अफवाह पर ध्यान न देने और फर्जी खबर न फैलाने की अपील भी की है. जानिए मामले से जुड़ी बड़ी बातें. जालंधर के डीआईजी स्वपन शर्मा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था दुरुस्त है. अब तक 112 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. 7 अवैध हथियार, 300 से अधिक बुलेट, 3 गाड़ियां बरामद की गई हैं. अमृतपाल सिंह को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चल रहा है. कुछ फोन बरामद किए गए हैं, जिन्हें तकनीकी विश्लेषण के लिए भेजा गया है. मामले में जांच की जा रही है. इनके पाकिस्तान-आईएसआई से लिंक भी सामने आए हैं. पुलिस ने अमृतपाल को भगौड़ा घोषित किया है. पंजाब में हाई अलर्ट भी जारी है.. पुलिस ने अमृतपाल सिंह के फाइनेंसर दलजीत सिंह कलसी उर्फ सरबजीत सिंह कलसी को गिरफ्तार किया है. कलसी के फोन और उससे जुड़े लोगों के फोन में पाकिस्तान के नंबर मिले हैं. इनमें से कुछ नंबर आईएसआई के हो सकते हैं. इन नंबरों से अमृतपाल के संगठन के पास करीब 30 करोड़ रुपये की फंडिंग आई है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी. जब उसका पीछा कर रहे थे कुछ मोटरसाइकिलों को उसकी कार ने टक्कर मारी थी. इन मोटरसाइकिलों से पुलिस को डायवर्ट करने की कोशिश की गई. पुलिस ने करीब 25 किमी तक अमृतपाल का पीछा किया था. इस पुलिस चेज की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है.. पंजाब पुलिस ने लोगों से अफवाह न फैलाने और शांति बनाए रखने का आग्रह किया है. पुलिस ने ट्वीट किया कि पंजाब पुलिस कानून के दायरे में काम कर रही है. अफवाहों और झूठी खबरों पर विश्वास न करें. सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे शांति और सद्भाव बनाए रखें और घबराएं नहीं. हम विभिन्न देशों, राज्यों और शहरों से आने वाली सभी फर्जी खबरों और अभद्र भाषा पर नजर रख रहे हैं. झूठी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसलिए फेक न्यूज न फैलाएं.

अमृतपाल सिंह के मामले के मद्देनजर पुलिस ने कई इलाकों में फ्लैग मार्च भी निकाला. जालंधर के एसएसपी स्वर्णदीप सिंह ने बताया कि लोगों को कानून व्यवस्था पर विश्वास दिलाने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया. आईएसआई कनेक्शन को लेकर जांच जारी है. हमें इनकी एक गाड़ी मिली है, उसमें से एक जानलेवा हथियार, कई जिंदा कारतूस और एक वॉकी-टॉकी सेट बरामद हुआ है. मोहाली में भी फ्लैग मार्च निकाला गया. डीएसपी बुट्टा एस गिल ने बताया कि बीती रात बठिंडा में नारे लगाने वाले 16 व्यक्तियों (खालिस्तान समर्थक) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. . अमृतपाल सिंह और उसके दो सहयोगियों के खिलाफ लावारिस अवस्था में मिले एक वाहन से हथियार मिलने और जालंधर में पुलिस अवरोधक तोड़ने के मामले में दो और प्राथमिकी दर्ज की गई है. डीआईजी स्वपन शर्मा ने बताया कि एक प्राथमिकी रविवार को एक वाहन से हथियार और दर्जनों कारतूस बरामद किए जाने के मामले में दर्ज की गई. उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि वह वाहन शनिवार को अमृतपाल के काफिले में शामिल था. अमृतसर में अमृतपाल के पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई.

### कोर्ट में पेशी के बाद यूट्यूबर मनीष कश्यप को भेजा गया जेल

तमिलनाडु के नाम पर वायरल हुए वीडियो के मामले में लगातार पुलिस की कार्रवाई जारी है. तमिलनाडु और बिहार पुलिस की टीम लगातार आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुटी है. शनिवार (18 मार्च 2023) को यूट्यूबर मनीष कश्यप ने बेतिया के जगदीशपुर थाने में किसी और मामले में सरेंडर किया लेकिन बाद में ईओयू की टीम ने गिरफ्तार कर लिया. रविवार को मनीष कश्यप को कोर्ट में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.22 मार्च तक के लिए भेजा गया जेल रविवार को मनीष कश्यप को पटना के सिविल कोर्ट में पेश किया गया. यहां से 22 मार्च तक के लिए बेउर जेल भेजा गया. कोर्ट में पेशी के बाद न्यायिक दंडाधिकारी अमित दयाल ने न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेजने का आदेश दिया. अब सोमवार को ईओयू की टीम टीम रिमांड पर लेने के लिए अपील करेगी. रिमांड पर लेने के बाद तमिलनाडु के मामले में वायरल वीडियो को लेकर पूछताछ करेगी.तमिलनाडु वायरल वीडियो मामला- यूट्यूबर मनीष कश्यप को 22 मार्च तक न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेजा गया. सोमवार को श्वह्र की टीम रिमांड के लिए आग्रह करेगी. बेतिया के जगदीशपुर थाने में शनिवार को मनीष कश्यप ने सरेंडर किया था. बता दें कि मनीष कश्यप ने तमिलनाडु के मामले में सरेंडर नहीं किया था. आत्मसमर्पण करने के पीछे तमिलनाडु मामले में वायरल वीडियो नहीं बल्कि बेतिया के मझौलिया थाने में 2021 में एक मामला दर्ज हुआ था. इसमें मनीष कश्यप पर बेतिया के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पारस पकरी शाखा में काम करने में गड़बड़ी और सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने का आरोप लगा था. मुख्य आरोपी मनीष कश्यप सहित चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था. कांड संख्या 193/21 था.

## कांग्रेस के बिना कोई भी मोर्चा असंभव अखिलेश यादव-ममता बनर्जी के बयान के बीच बोले जयराम रमेश

अखिलेश यादव और ममता बनर्जी ने मिलकर तीसरे मोर्चे की नींव रख दी है, इसमें कांग्रेस से कोई रायशुमारी नहीं की गई है. इस तरह से वे गैर-बीजेपी और गैर-कांग्रेसी मोर्चा तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं. अब इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की प्रतिक्रिया भी सामने आ चुकी है. पीटीआई भाषा से बात करते हुए उन्होंने कहा, ÷अगर विपक्ष का कोई गठबंधन बनता है, तो उसमें कांग्रेस की मुख्य भूमिका होगी.जयराम रमेश ने कहा, ÷टीएमसी, समाजवादी पार्टी या अन्य दलों के लोग मिलते रहेंगे. थर्ड फ्रंट-फोर्थ फ्रंट बनता रहेगा, लेकिन विपक्ष में कांग्रेस का होना जरूरी है.÷ उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस के बिना कोई भी मोर्चा असंभव है. लेकिन, इस बारे में बात करना बहुत जल्दबाजी है. अभी कर्नाटक का चुनाव है, उसके बाद तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम के चुनाव हैं.÷विपक्षी एकता पर उन्होंने कहा, ÷इस साल हम पूरी तरह से राज्यों के विधानसभा चुनाव में व्यस्त रहेंगे, 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में हम बाद में देखेंगे. अभी तो बैठकें होती रहेंगी, पोजीशनिंग होती रहेगी कि मैं थर्ड फ्रंट करूंगा, मैं फोर्थ फ्रंट करूंगी, मैं फिफ्थ फ्रंट करूंगा, ये सब चलता रहेगा.÷ तीसरे मोर्चे की इस कवायद पर कांग्रेस नेता ने कहा, ÷2024 के चुनाव के बारे में जो भी रणनीति तैयार करनी है,



पार्टियों से बातचीत करनी है, वो हमारे अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और हमारे वरिष्ठ नेता करेंगे.÷उन्होंने आगे कहा, ÷किसी भी विपक्षी गठबंधन में मजबूत कांग्रेस का होना जरूरी है, लेकिन कांग्रेस की प्राथमिकता फिलहाल कर्नाटक चुनाव और फिर अन्य राज्यों के चुनाव हैं.÷ जेपीसी की मांग पर विपक्ष में मतभेद को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा, ÷मतभेद नहीं है. हृष्टक ने ईडी को भेजे गए पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया था. उन्होंने इस बारे में पहले ही बता दिया था कि वे इसके समर्थन में हैं, लेकिन वे पत्र पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते. 16 पार्टियां हैं, जो एकजुट होकर जेपीसी की मांग कर रही हममता बनर्जी को लेकर जयराम रमेश ने साफ कहा, ÷टीएमसी हमारे साथ नहीं है, उनके अपने कारण होंगे. हम उस बारे में कुछ नहीं कहेंगे.÷ जेपीसी की मांग को लेकर उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री जेपीसी का गठन करने में क्यों हिचकिचा रहे हैं? अगर कुछ छिपाना नहीं है, नीयत साफ है, तो प्रधानमंत्री जेपीसी का गठन करें.÷ उन्होंने कहा, ÷आखिर इस जेपीसी में अध्यक्ष बीजेपी का होगा, उनकी पार्टी के सदस्यों की संख्या भी ज्यादा होगी, फिर सत्ता पक्ष को इतनी घबराहट क्यों है?लंदन में राहुल गांधी के बयान पर संसद में मचे बवाल को कांग्रेस नेता ने बीजेपी की बौखलाहट बताई. जयराम रमेश ने कहा, ÷बीजेपी बौखलाई है, क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि राहुल गांधी की छवि में भारी परिवर्तन आया है. यह यात्रा हमारे लिए और हमारे संगठन के लिए बूस्टर डोज साबित हुई है. लोग राहुल गांधी जी को नए नजरिए और अंदाज से देख रहे हैं. इसलिए राहुल गांधी जी और कांग्रेस को बदनाम करने के लिए यह प्रयास फिर से किया जा रहा है.राहुल गांधी के बयान पर उन्होंने कहा, ÷राहुल गांधी जी के बयान का वीडियो है, आप उसे सुन सकते हैं, देख सकते हैं. उन्होंने कभी ऐसा नहीं कहा, हस्तक्षेप शब्द का इस्तेमाल नहीं किया. उन्होंने सिर्फ यही कहा कि हमारे देश में लोकतंत्र मजबूत होना चाहिए, अगर भारत में लोकतंत्र मजबूत होगा, तो इसका फायदा न सिर्फ भारत को, बल्कि पूरी दुनिया को होगा. जो लोग इल्जाम लगा रहे हैं, वे पूरी तरह से झूठ बोल रहे हैं. यह सिर्फ ध्यान भटकाने की कोशिश है. राहुल गांधी ने कभी ऐसा कोई बयान दिया ही नहइससे पहले पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राहुल गांधी पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि यदि राहुल गांधी विपक्ष के लीडर बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई नहीं हरा सकता. पीएम मोदी के लिए राहुल गांधी टीआरपी की तरह हैं. उन्होंने कहा, ÷बीजेपी चाहती है राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बने रहें, नहीं तो जो उन्होंने बाहर कहा था उसको लेकर संसद में हंगामा क्यों किया?

## लहसुन-प्याज के साथ हो रही थी अफीम की खेती, पुलिस ने जब्त किए 18 लाख रुपये के 6500 पौधे



राजधानी भोपाल के नजदीकी जिले आष्टा तहसील का एक किसान एक ही फसल में मालामाल होना चाह रहा था. किसान ने अपने खेत में लहसुन प्याज के साथ-साथ अफीम के पौधे भी बो रखे थे. हालांकि मालामाल होने की किसान की मंशा साकार नहीं हो सकी और पुलिस को इसकी भनक लग गई. भनक लगते ही पुलिस किसान के खेत जा पहुंची और किसान सहित अफीम के पौधे जब्त कर लिए. यदि किसान की मंशा साकार हो जाती थी तो किसान को एक ही फसल में 18 लाख रुपये की बचत हो जाती.पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आष्टा तहसील के पार्वती थाना क्षेत्र के गोपालपुर में 40 वर्षीय किसान राजेन्द्र पिता हिम्मतसिंह सैंधव अफीम की खेती कर रहा था. मुखबिर से इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को लगी. पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने एएसपी गीतेश गर्ग, एसडीओपी मोहन सारवान के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस मामले की पड़ताल शुरू की और अंजाम तक पहुंच गई. एसपी मयंक अवस्थी और एएसपी गीतेश गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ग्राम गोपालपुर में तालाब की पाल के नीचे बंदावला वाले कुंए के पास खेत पर पहुंचे. वहां उन्हें एक व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया

## राष्ट्रीय मंत्री ने सरकार पर लगाया नजरबंद करने का आरोप, बोले- घर से निकलते ही घेर लेती है पुलिस

राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने



अशोक गहलोत सरकार पर नजरबंद करने का आरोप लगया है. उनका कहना है कि राजस्थान की पुलिस उनका पीछा कर रही है. उनके पीछे पुलिस की गाड़ी लगी हैं. उनका यह भी आरोप है कि उन्हें पुलिस घर से बाहर न निकलने के लिए कह रही है.दरअसल, मीणा ने पिछले दिनों सीएम को काले झंडे दिखाने के मामले में जेल में बंदके छह छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर थाने पर दो दिन धरना दिया था. साथ ही साथ उन्होंने 21 मार्च को बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी थी. राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा का कहना है कि राजस्थान में अघोषित आपातकाल लगा दिया गया है. लोकतंत्र की हत्या हो रही है. मीणा ने बताया कि उन्हें सुबह से ही कार्यालय में बंधक बनाकर रख गया और बाहर निकलते ही पुलिस की गाड़ियां आगे पीछे लग जाती हैं और हमें कहीं जाने भी नहीं देती तारीख को पुलिस प्रशासन का किया जाएगा विरोधमीणा का कहना है कि विद्यार्थी परिषद पुलिस की इस कार्रवाई की निंदा करती है. इसके साथ ही साथ चेतावनी भी देती है कि 21 तारीख को होने वाले जिला सम्मेलन में पुलिस प्रशासन का कड़े शब्दों में विरोध किया जाएगा. मीणा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद मुख्यमंत्री से कहना चाहती है कि क्या छात्र अपराधी हैं?क्या ये छात्र आतंकवादी हैं. क्या बेरोजगार युवाओं की बात करना गलत है? क्या वीरांगनाओं के लिए आवाज उठाना गुनाह है? उन्होंने बताया कि आज पुलिस विद्यार्थी परिषद के कार्यालय पर आई और कार्यकर्ताओं को परेशान किया. मीणा ने कहा कि पुलिस ने उन्हें चार घंटे तक बिठाए रखा.




मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना

# जनपद पिछोर की ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर की जा रही है ईकेवाईसी

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

**शिवपुरी,** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में हितग्राहियों की ईकेवाईसी जनपद पंचायत पिछोर की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर की जा रही है। पिछोर जनपद पंचायत की सभी पंचायतों में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत सेमरी में ईकेवाईसी कैंप आयोजित किया गया। कैंप में शासन के निर्देशानुसार समस्त टीम को टोपी तथा टीशर्ट वितरित की गई तथा पंचायत में निवासरत सभी संभावित पात्र महिलाओं को बुलाकर उनका ईकेवाईसी कराया गया जिसमें ग्राम पंचायत में कार्यरत सीएससी केंद्रों की भी मदद ली गई। कैंप में उपस्थित पंचायत सचिव अजब सिंह लोधी द्वारा बताया गया कि पंचायत सेमरी में लगभग 800 से अधिक महिलाओं में




से कैंप के माध्यम से 500 महिलाओं की मौके पर ईकेवाईसी कराई जा चुकी है शेष ईकेवाईसी हेतु निरंतर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार को ईकेवाईसी कैंपों का निरीक्षण करने जनपद पंचायत पिछोर सीईओ पुष्पेंद्र व्यास पहुंचे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 17 मार्च से सभी पंचायतों में इसी तरह कैंप के माध्यम से ईकेवाईसी की जा रही है। ग्राम सेमरी में आयोजित कैंप में सरपंच ममता सोहन सिंह अहिरवार, उपसरपंच चंद्रशेखर शर्मा, उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी जवाहर सिंह राजपूत, हल्का पटवारी संदीप पटेल तथा सीएससी संचालक नरेश साहू, संतोष लोधी, नरेंद्र जाटव, नीलेश प्रजापति एवं बीएलओ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। वही ग्राम की युवा टीम भी मोबाइल ऐप के माध्यम से महिलाओं कि ईकेवाईसी कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते देखे गए।

# एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन




जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**पिछोर,** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी की एनएसएस की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 11 मार्च 2023 से 17 मार्च 2023 तक ग्राम नाद में आयोजित हुआ 17 मार्च 2023 को शिविर का समापन हुआ समापन के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठन डॉ एसएस खंडेलवाल उपस्थित रहे और उन्होंने इस कैंप की भूरी बहुत प्रशंसा की और राज्य स्तरीय जैसी गतिविधियां संचालित होने का आभास बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय की जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री अमित पडरिया मंच पर उपस्थित रहे उन्होंने छात्र-छात्राओं की इन सात दिवस की गतिविधियों की बहुत प्रशंसा की एवं जीवन में अनुशासन बनाए रखने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम के द्वारा की गई उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े एवं डॉक्टर बाबूलाल कुमारे की प्रशंसा करते हुए सभी छात्रों को प्रशंसा का पात्र बताया । छात्रों को भविष्य में एनएसएस से ऐसी ही गतिविधियों के द्वारा कुछ न कुछ सीखते रहने हेतु प्रेरित किया साथ ही अपने समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए आव्हान किया।इस अवसर पर मंच पर थाना प्रभारी श्री गब्बर सिंह गुर्जर पत्रकार श्री पवन पाठक,श्री रामकृष्ण पराशर,भरतलाल महते,विवेक गुप्ता श्री रत्नेश गुप्ता के अतिरिक्त जनभागीदारी के सदस्य गण उपस्थित रहे। इसी अवसर पर कार्यक्रम में डॉ कमल किशोर यादव श्री रमाकांत मिश्रा श्री आनंद शर्मा ,शिविर को सुचारू रूप से संचालित कर रहे दल नायक दीपक पाल के अतिरिक्त एनएसएस के सभी स्वयंसेवक शिविर में उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर के प्रमाण पत्र भेंट किए।

# डायल 100 के कर्मचारियों को नही मिला 3 माह से वेतन




अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-मध्यप्रदेश सरकार के डायल 100 कंट्रोल रूम में कार्यरत कॉल टेकर और पायलट (ड्राइवर) आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इन्हें जनवरी से वेतन नहीं मिला नहीं है। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने की वजह से इन कर्मचारियों को अब घर चलाना मुश्किल हो रहा है। । त्योहार पर भी इन्हें वेतन नहीं मिला, जिससे इनकी होली बेरंग रही। ऐसा नहीं है कि पुलिस विभाग के पास पैसा नहीं है। लेकिन, ट्रेजरी से बार-बार बिल रिजेक्ट हो रहा है। सितंबर से विभागीय बिल पास ही नहीं हुए, जिस वजह से डिपार्टमेंट का 50 करोड़ रुपए का बकाया हो चुका पड़ा है।

**फरवरी को मिला था दिसंबर का वेतन**-मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100 सेवा में करीब 3,000 पायलट कार्यरत हैं। इनके अलावा भोपाल के डिपो चौराहा स्थित मध्यप्रदेश स्टेट पुलिस कमांड सेंटर में 300 लोगों से ज्यादा का स्टाफ चौबीसों घंटे सेवा देता है। यह कॉल टेकर हैं, जो डायल 100 को कॉल करने पर कॉल रिसीव और फॉरवर्ड करते हैं। यह सभी ब्क्कत्त (भारत विकास ग्रुप) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से पुलिस कमांड सेंटर पर सेवाएं दे रहे हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक इन सभी को कंपनी की तरफ से फरवरी 2023 को आखिरी बार वेतन मिला था। वह दिसम्बर माह का था इसके बाद से इन्हें वेतन नहीं मिला है। कई बार कर्मचारियों और कॉल टेकरों ने कंपनी के एचआर विभाग और अन्य जिम्मेदारों से बात की, लेकिन वेतन के संबंध में उनकी तरफ से कोई उचित जवाब नहीं दिया गया।

**7 से 13 हजार वेतन, वही भी नहीं मिलता**- की तरफ से पुलिस कमांड सेंटर पर कार्यरत इन कर्मचारियों को प्रतिमाह 7,000 से लेकर 13 हजार रुपए तक वेतन मिलता है। लेकिन वह भी समय पर नहीं मिलता। कर्मचारियों की मानें तो वेतन के लिए कोई तारीख सुनिश्चित नहीं है। नहीं, कमांड सेंटर के कर्मारियों को कहने को वीकली ऑफ मिलता है, लेकिन महीने में कभी एक या अधिकतम दो ऑफ भी इन्हें मिल पाते हैं।

# चंबल में डूबे दो लोगों का गांव में किया गया अंतिम संस्कार, कैलादेवी जाते समय गिरे थे नदी में

चंबल में बहे सात लोगों में से लापता पांच की तलाश रविवार को भी जारी रही। एनडीआरएफ की टीम लगातार उनकी तलाश करती रही, लेकिन रविवार शाम तक उनका पता नहीं चल सका था। इधर शनिवार को निकाले गए दो शवों का ग्राम चिलावद में अंतिम संस्कार किया गया। गांव में गम का माहौल रहा।बता दें कि शिवपुरी जिले के कोलारस के तेंदुआ थाना क्षेत्र के चिलावद गांव के 17 लोग चंबल नदी में बह गए थे। ये लोग राजस्थान की करौली माता मंदिर के दर्शन के लिए पैदल यात्री के रूप में गए थे। चंबल नदी को पार करते वक्त यह हादसा हो गया था। इनमें से सात लोग गायब थे। घटना राजस्थान के करौली के रोधई गांव में चंबल घाट पर हुई थी। आज दो शवों का अंतिम संस्कार चिलावद गांव में किया गया। चिलावद गांव के ग्रामीणजनों ने बताया कि करौली माता के दर्शन के लिए गए सभी श्रद्धालु कोलारस के तेंदुआ थाना क्षेत्र के चिलावद गांव के कुशवाह परिवार से थे। इस हादसे का शिकार हुए लोगों में से मृतकों के दो शव जैसे ही गांव लाए गए तो पूरा गांव शोकमग्र दिखा। रविवार की सुबह देवकीनंदन पिता हीरा कुशवाह और कल्लो कुशवाह पति चेंऊ कुशवाह के शव चिलावद गांव लाए गए। गांव में दो शवों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में ब?ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे।जिले के चिलावद गांव के रहने वाले कुशवाह परिवार के 17 सदस्यीय जत्थे में शामिल 35 साल के चेंऊ कुशवाह ने बताया कि नवरात्रि में पद यात्रा की सहमति फसल कटने से पहले बनी थी। सभी लोग उत्साहित थे। सदस्यों की संख्या भी ब? गई। 14 मार्च को निकलने की तारीख तय हो चुकी थी।

## 18 जिलों के लिए ऑरेंज तो 13 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी, ओलावृष्टि के साथ वज्रपात की आशंका

मध्यप्रदेश में मौसम बदलने से गर्मी से राहत मिली है। अभी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। कहीं-कहीं ओले गिरने का अलर्ट भी दिया गया है। हवाओं में नमी होने से बादल बने हुए हैं। दिन का तापमान 36 डिग्री तक पहुंचा है तो रात का पारा भी 21 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले 24 घंटों में 18 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, यहां ओलावृष्टि के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। मौसम केंद्र की रिपोर्ट कह रही है कि बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उज्जैन, सागर, भोपाल संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर नर्मदापुरम, इंदौर, ग्वालियर, शहडोल, रीवा, जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई। नटेरन में 3, गंजबासौदा में 2, नगौद, सागर, पठारी, गुलाबगंज में 1 सेमी तक पानी गिरा है। सागर में 8.2, भोपाल शहर में 2.7, सतना में 2.2, रतलाम में 1.8 मिमी तक बारिश हुई है। इसके अलावा ग्वालियर, बैतूल, खजुराहो, जबलपुर, मलाजखंड में भी बारिश दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान ग्वालियर, शहडोल संभाग के जिलों में विशेष रूप से गिरे हैं। न्यूनतम तापमान भोपाल संभाग में तेजी से गिरे हैं, शेष जिलों में खास परिवर्तन नहीं हुआ। अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान कहता है कि ग्वालियर, शहडोल, जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, चंबल, भोपाल, उज्जैन, रीवा, सागर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

# पुलिस थाना पिछोर ने ग्राम राजपुर कछौआ से बदमाश दबोच कर भेजा जेल

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

**पिछोर,** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध क्षेत्र में कड़ी कार्यवाही करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में थाना पिछोर की टीम ने ग्राम राजपुर कछौआ से अमर चंद विश्वकर्मा पुत्र खलक सिंह बाढ़ई उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम राजपुर कछौआ को गिरफ्तार किया । अमर चंद्र बा?ई को पूर्व में दिनांक 20/2/ 23 को पिता के साथ मारपीट करने पर धारा 151 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जो 4



दिन बाद जेल से छूट करके आया था इसके बाद इसने दिनांक 17/ 3/23 की रात को पड़ोसी मन्नूलाल विश्वकर्मा की मारपीट कर चोटें पहुंचाई इसके बाद इसे गिरफ्तार कर धारा 122ष्टह्म्क्क्ष्ट की कार्यवाही की व एसडीएम कोर्ट पेश किया गया जहां से उसे उप जेल पिछोर भेजा गया । ग्राम राजपुर कछौआ में अमरचंद बाढ़ई आए दिन शराब पीकर उत्पात करता है इसके जेल जाने से निश्चित ही ग्राम में शांति का वातावरण निर्मित होगा । थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,राजेन्द्र यादव ,संतोष यादव आरक्षक रूपेंद्र यादव,मांगी लाल गुर्जर व नगर रक्षा समिति सदस्य बालकिशन लोधी , कोमल परिहार व चंदन लोधी शामिल रहे ।

समाज के सिर्फ वोट बैंक समझती हैं भाजपा- कैलाश कुशवाह

# समाज की हितेषी बिल्कुल नहीं है भाजपा, सिर्फ लोगों को जुमला देने का कार्य करती है भाजपा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**- अभी हाल ही में करौली माता के दर्शन करने जा रहे 17 लोगों के जत्थे में 7 लोग पानी में बह गए थे जिसमें से 3 लोगों की लाश मिल गई है 4 लोगों का अभी तक कुछ मालूम नहीं चल पाया है इस पूरी कार्यवाही में बीरपुर थाना मुरैना जिले के कटरा थाना सहित राजस्थान पुलिस भी अभियान चला रही है लेकिन इसमें अभी तक 4 लोगों का कुछ पता नहीं चला है मौके पर पहुंचे पूर्व पोहरी विधानसभा के प्रत्याशी और थाली में कांग्रेश उससे पोहरी विधानसभा मैं अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने वाले कैलाश कुशवाहा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कुशवाहा समाज को शुरू से ही अपना कोर वोट बताते आ रही है लेकिन यह पार्टी समाज की एक ऐसी नहीं है राजस्थान के चंबल नदी में बहने वाली लाशें किसी और अन्य जिले की होती तो सोचा भी जा सकता था लेकिन जिस जिले में 4 राज्य मंत्री और एक कैबिनेट मंत्री मौजूद है उस जिले का एक भी प्रतिनिधि मौके यह देखने के लिए नहीं पहुंचा कि यह लोग हमारे जिले और हमारी विधानसभा के हैं जिनको भारतीय जनता पार्टी जन्म से अपना कोर वोट बताते चले आ रही है लेकिन एक प्रतिनिधि अपनी शक्ल दिखाने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा कुशवाहा समाज के वह लोग जो भारतीय जनता पार्टी को अपनी पार्टी और हिंदुत्व की पार्टी बताते हैं क्या उन लोगों को यह पता नहीं है कि यह लोग जो चंबल नदी में बहे थे वह हिंदू नहीं थे क्या क्या वह माता के दर्शन करने के लिए नहीं जा रहे थे क्या यदि उनमें से किसी के साथ में कोई हादसा हो जाता है तो इसमें क्या लोगों की गलती है कम से कम यह लोग अपनी शक्ल तो दिखा सकते थे क्योंकि इन्हीं के वोट से यह आज विधायक सांसद और मंत्री बने हैं लेकिन किसी भी नेता ने मंत्री ने विधायक ने इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया और



ना ही लोगों के हितों के लिए कोई आस्वासन दिया यह लोग सिर्फ समाज के लोगों को अपना वोट बैंक समझते हैं यह लोग सिर्फ वोट लेना जानते हैं काम करना नहीं जानते इनको जब वोट की आवश्यकता होती है तब यह लोग आपके कदमों को चुनते हैं आपके आगे पीछे घूमते हैं लेकिन इनका मतलब निकल जाने के बाद यह बिल्कुल भी नहीं पूछते कि आप कैसे हो कैसे नहीं समाज के उन लोगों को मैं बताना चाहता हूं की अपना वोट समाज के लिए दें और यदि कोई उम्मीदवार आपके समाज का नहीं है तो ऐसे लोगों को दे जो आपके हितों को ध्यान में रखें। भारतीय जनता पार्टी के लोग सिर्फ और सिर्फ अपना घर भरना जानते हैं इसके अलावा उनके पास और कोई मुद्दा नहीं रहता है और जो लोग समाज के होकर भारतीय जनता पार्टी का पक्ष करने के लिए आपके दरवाजे पर खड़े होते हैं उनसे पूछना कि जब हम मुसीबत में होते हैं तो आपकी भारतीय जनता पार्टी कहां जाती है जब हम नदी में बहते हैं तब आपकी भारतीय जनता पार्टी कहां जाती है जब हमारे बच्चों ,बुढो,महिलाओं की चिता जलती है तब भारतीय जनता पार्टी कहां जाती है समाज के बोलो जो अपनी समाज को भारतीय जनता पार्टी के आंगन में गिरवी रखकर समाज के लोगों को मूर्ख बनाने का कार्य करते हैं ऐसे लोगों को अपने दरवाजे पर खड़े होने का कार्य बिल्कुल हमारे समाज के लोग अब नहीं करने देंगे क्योंकि इन लोगों की वजह से आज हमारा समाज अभी भी दबा कुचला और पिछड़ा है इन लोगों ने समाज को बेच बेच कर अपनी राजनीति चमकाई है ऐसे लोगों से हमको बच कर रहना है और आने वाले समय में इन को दिखाना है कि हमारी समाज एक तरफा होकर क्या कर सकती है जब तक इनको इनकी असलियत नहीं दिखा देंगे ना तब तक यह अपने आप को महाराजा और राजा ही समझते रहेंगे इनको इनकी असलियत दिखाना जरूरी है

## मौ मंडल में संच समिति की बैठक हुई संपन्न

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़



दिनांक 19/3/2023 को संच समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में इन्दौर से चल कर आई मुख्यअतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिभा दुबे मां जी अंचल अभियान प्रमुख श्रीमान गंधर्व सिंह जी संच समिति के अध्यक्ष श्रीमान बलभद्र सिंह सिकरवार जी द्वारा समिति का निर्माण किया गया बनाऐ गये पदाधिकारी गण श्रीमान बासुदेव सिंह कुशवाह जी उपाध्यक्ष श्रीमान दिनेश शिवहरे जी कोषाध्यक्ष श्रीमान धर्मेंद्र सिंह यादव जी सचिव श्रीमान सोमवीर शिवहरे जी श्रीहरि कथा के अध्यक्ष श्रीमान बेताल सिंह गौड़ जी मीडिया प्रभारी बनाया गया बैठक की अध्यक्षता मौ संच प्रमुख बेताल सिंह ग्राम रमतला का पुरा

# विकलांग बल राज्य सचिव सौरभ बघेल ने मुख्यमंत्री के नाम ग्रह मंत्री डॉ मिश्रा को सौपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भोपाल ।** गत दिवस भिण्ड से चलकर भोपाल पहुँचे विकलांग बल के प्रदेश सचिव प्रो. शिवराज उर्फ सौरभ बघेल ने गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम विकलांगजनों की समस्याओं के निवारण हेतु नौ सूत्रीय ज्ञापन दिया।


ज्ञापन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के विकलांग जनों की समस्याओं के समाधान हेतु माँगे निम्नलिखित बिंदुवर है द्य

(1) मध्यप्रदेश में विकलांग जन पेंशन जो अभी 600 रूपये है उसमें वृद्धि कर मासिक 3000 रूपये की जाये।

(2)मध्यप्रदेश की समस्त प्रतियोगी परीक्षायों में विकलांग जन को क्लालीफाई होने के लिए 50त्न को घटाकर 40त्न किया जाये।

(3)मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले मै विशेष (विकलांग )निशक्तजन भर्ती कराई जाये।

(4)राष्ट्रीय स्तर पर खेलने बाले विकलांग खिलाडियों को सरकारी कार्यालयों में रोजगार दिया



जाये।(5)अभी संसद, विधानसभा एवं जिला पंचायतों में विकलांग जन की आवाज उठाने के लिये कोई नही है, इसलिये प्रत्येक स्तर के चुनाव में 5त्न आरक्षण विकलांग को दिया जाये।

(6)विकलांग जन अधिनियम 2016 की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी प्रत्येक छोटे बडे सरकारी एवं निजी कार्यालय में भेजकर अनिवार्य रूप प्रदर्शित की जाये ताकि इस ?ानून में विकलांगजनों दिए गए अधिकारों से अवगत हो सकें और उनका पालन कर सकें।

(7) जिस प्रकार अन्य दलों में विकलांग प्रकोष्ठ बने है इसी प्रकार बीजेपी पार्टी में भी विकलांग प्रकोष्ठ का गठन किया जाये।

(8) मध्य प्रदेश में विकलांग जनों को बिजली एवं पानी के बिल में 50त्न छूट प्रदान हो।(9) विकलांगजनों के बच्चों को शासकीय एवं अशासकीय कोचिंग संस्था में 50त्न शुल्क में छूट दी जाये

## थाना मौ जिला भिण्ड द्वारा दो 315 बोर के देशी कट्टा व एक 315 बोर की देशी अधिया एवं एक 12 बोर के देशी कट्टा व चार 315 बोर के जिन्दा राउण्ड सहित आरोपी गिरफ्तार

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ .बेताल सिंह गौड़



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में अवैध शराब एवं अवैध हथियार पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे व श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री सौरभ कुमार के मार्ग दर्शन मे दिनांक 18/03/2023 को थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव को अवैध हथियारो की खरीद-फरोख्त के सम्बन्ध मे मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई मुखबिर सूचना पर से तस्दीक कार्यवाही हेतु चौकी झाकरी प्रभारी उनि) अजय सिंह यादव को निर्देशित किया जो अपनी टीम को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान अतरसोहा गांव के पास पहुचे वहां अतरसोहा करवास गांव के बीच क्रेशर तिराहा रोड पर मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये का कुर्ता पजामा



पहने हुये एक व्यक्ति दाहिने हाथ मे प्लास्टिक के थैले मे कुछ ले जाता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे घेरा बन्दी कर पकड़ा जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रायसिंह गुर्जर पुत्र सोबरन सिंह गुर्जर उम्र 50 साल निवासी ग्राम अतरसोहा थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) का होना बताया गया जिसके थैले की तलाशी लेने पर दो 315 बोर के देशी कट्टे व एक 12 बोर का देशी कट्टा व एक 315 बोर की देशी अधिया व दाहिने कुर्ते की जेब से चार 315 बोर के जिन्दा राउण्ड रखे मिला जिसके सम्बन्ध मे कोई बैध दस्तावेज न होने से मौके पर समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 65/2023 धारा 25 ( 1-क्ख() आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को आज दिनांक 19/03/2023 को माननीय न्यायालय गोहद के समक्ष पेश किया गया है।

**सराहनीय भूमिका** – उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिह यादव, उनि अजय सिह यादव चौकी झाकरी प्रभारी, आर 1091 जहीर मोहम्मद, आर 1123 दीवान सिह गुर्जर, आर 1048 धर्मेन्द्र सिंह तोमर आर 1162 भगवत, व्हीडीएस वीर सिह की सराहनीय भूमिका रही है।

## पूनम सामायिक मंडल एलएन पूरम द्वारा भक्तिमय में समारोह संपन्न

पुष्पाजंली टुडे



**बेंगलुरू।**श्री पूनम सामायिक मंडल द्वारा अपनी स्थापना के 1 वर्ष परिपूर्ण होने पर श्री शांतिनाथ जैन मंदिर मैं कार्यक्रम आयोजित किया गया ! सामायिक मंडल द्वारा प्रति पूनम को सामायिक आयोजित की जाती हैं एवं समय-समय पर सदस्यों द्वारा तीर्थों की यात्रा की जाती हैं ! पुनम ग्रुप के लगभग 50 सदस्य हैं ! जो संघ के हरे कार्य में अग्रणीय भूमिका का निर्माण करते हैं।इस समारोह के विशिष्ट अतिथि शांतिलाल खिंवेसरा ने सदस्यों के परस्पर सहयोग बनाए रखने की भावना व्यक्त कि ।पूनम ग्रुप की अध्यक्षा प्रमिला बोहरा सचिव चंद्रा कोठारी ,किरण पारलेचा संतोष बरलोटा ने आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्य की प्रस्तुति प्रदान की ।

## कांग्रेस आज मनाएगी लोकतंत्र सम्मान दिवस

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि 20 मार्च 2023 को समय 11बजे स्थान खंडा रोड भिंड से पैदल चलकर गोल मार्केट राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए लोकतंत्र सम्मान दिवस के रूप में यह दिवस मनाया जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा सौदेबाजी में विश्वास ना करते हुए लोकतंत्र व संविधान को आदर्श मानकर इसी दिन अपनी सरकार से त्यागपत्र दे दिया था,इसलिए हम सब कांग्रेस के कार्यकर्ता इस दिवस को लोकतंत्र सम्मान दिवस के रूप में मनाने जा रहे है जिसमें सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, विधायक,पूर्व विधायक सभी साथियों से आग्रह कर कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने की आपील की है।

## राजनेताओं और प्रशानिक व पुलिस अधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की

**ग्वालियर।** पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार की धर्मपत्नि, महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार की सासु मॉ, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार की माताजी, श्रीमती रामकुमारी सिंह के असमायिक निधन पर म.प्र. कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अशोक सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी, सी.ई.ओ. श्योपुर अतेन्द्र सिंह गुर्जर , एसडीएम अनिल बनबारिया ,एवं पकंज उपाध्याय जोरा, सुरेंद्र शर्मा सरपंच, गुरुजी सतेंद्र भदौरिया, आदि ने आज उनके निज निवास पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त कर पुष्पांजली अर्पित की और दुःखी परिवार को ढांढस बंधाया। स्व. श्रीमती रामकुमारी सिकरवार की शोक सभा 20 मार्च को रंगमहल गार्डन में सायं 4 बजे से 6 बजे तक रखी गई है।



## महारानी पद्मावती जौहर अवार्ड से नवाजे गए अरुणेश भदोरिया



पुष्पांजली टूडे

**मालनपुर** /जौहर स्मृति संस्थान चित्तौड़गढ़ राजस्थान की तरफ से ग्वालियर निवासी समाजसेवी एवं जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अरुणेश सिंह भदोरिया जोकि विगत कई वर्षों से समाज सेवा में लगे हुए हैं जिन्होंने स्वरोजगार की पहल चलाई जिसके अंतर्गत बेरोजगारों को रोजगार दिलवाने का प्रयास किया गया इसके साथ साथ दिव्यांगों के वैवाहिक परिचय सम्मेलन करवाए, जरूरतमंदों को स्वास्थ्य के प्रति लाभ पहुंचाया, शिक्षा के क्षेत्र में भी जरूरतमंदों की मदद की, इन सब को ध्यान में रखते हुए आज उन्हें राजस्थान की धरती पर यह अवार्ड देकर सम्मानित किया गया, इस अवार्ड पाने के लिए भदोरिया ने जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी की संपूर्ण टीम का आभार व्यक्त किया एवं बधाई दी जिसकी वजह से यह अवार्ड मिला है और उन्होंने कहा है आने वाले समय में जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी जरूरतमंदों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी इसके साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश में साक्षरता बढ़ाने के ऊपर भी जोर दिया है

### जीतो वॉलीबाल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों की नीलामी संपन्न

# आगामी जीतो प्रीमियर लीग की भी हुई घोषणा

पुष्पाजंली टुडे

**बैंगलुरु।** जीतो के इतिहास प्रथम बार वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 8-9 अप्रैल को जय नगर स्थित कित्तूर राणी चेनम्मा वॉलीबाल ग्राउंड में किया जायेगा।जीतो बैंगलुरु नार्थ द्वारा आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के खिलाड़ियों की नीलामी कुमाराकृपा रोड स्थित होटल वीवीडास में की गई। फ़्यूचूरा एसेस के दिनेश पालरेचा, रुद्राक्ष सिल्वर के महावीर मांडोत, वैष्णोदेवी के विमल कटारिया, एमआईपीएल ग्लोबल के महेंद्र पटवारी, यूके टाइगर्स के प्रकाश कटारिया, कयाना के प्रमोद बाफ़ना, जीरावला रॉयल्स के उत्तमचंद जिरावला, राजेंद्र स्ट्राइकर्स के निकेश बोहरा, सिंघवी वारियर्स के विजय सिंघवी, कूल केर्बियोस के प्रवीण दक, केसरिया लायंस के राजेश जसराज जैन तथा भंडारी लायंस के मनीष भंडारी ने अपनी अपनी टीम के लिये नीलामी के जरिये खिलाड़ियों का चयन किया।

नवकार मंत्र से प्रारंभ नीलामी कार्यक्रम में जीतो नार्थ पदाधिकारियों, खेल समिति तथा प्रायोजकों ने द्वीप प्रज्वलन कर आयोजन विधिवत्त शुरुआत की। जीतो नार्थ के खेल संयोजक विमलेश भंडारी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के ज्यादा युवाओं को इस खेल के माध्यम से जोड़ना तथा उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना ही इस आयोजन का प्रमुख उद्धेश्य है साथ ही उन्होंने कहा कि खेल कोई भी हो उसमें अच्छी गुणवत्ता देनी चाहिये जिससे प्रायोजकों, टीम मालिकों व खिलाड़ियों को संतुष्टि मिल सके। सह संयोजक अमित कोठारी ने कहा कि वॉलीबाल एक ऐसा खेल है जिसमें युवा एवं बुजुर्ग दौनों को एक साथ खेलते हुए देखा जा सकता है और निश्चय ही यह प्रतियोगिता ऐतिहासिक होगी। उनके अनुसार प्रत्येक टीम के लिये पहले से निश्चित 2 आईकोन खिलाड़ियों के अलावा 12 टीमो के लिये 7-7 खिलाड़ियों की नीलामी की गई तथा प्रत्येक टीम के लिये जर्सी व दो दिनों के खेल आयोजन के लिये मैच टेली



का निर्धारण किया गया। जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा तथा महामंत्री सुधीर गादिया ने प्रायोजकों, टीम मालिकों व खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपनी तरह के प्रथम बार आयोजित होने वाले इस आयोजन में उनका सहयोग हमेशा स्मृति पटल पर रहेगा।उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार यह वॉलीबाल प्रतियोगिता प्रसन्ना डिज़ाइनर स्टूडियो के भँवरलाल विकासकुमार भंडारी के मुख्य प्रायोजन, श्रृंगार ज्वेलर्स के नेमीचंद नितिन कुमार दलाल के सह प्रायोजन तथा कटारिया सिल्क हाउस के मिश्रीमल अजीतकुमार कटारिया के जर्सी प्रायोजन में आयोजित की जा रही है। नीलामी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित समाज सेवी महेंद्र मूणोत ने टीम मालिकों व प्रायोजकों से कहा कि इस आयोजन का हिस्सा बनकर सभी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन किया है उन्होंने खिलाड़ियों से खेल की भावना से सर्वश्रेष्ठ प्रयास का आवाहन किया।नीलामी कार्यक्रम के दौरान सभी टीम मालिकों का सम्मान किया गया तथा विजेता-उपविजेता ट्राफी का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आगामी समय में ÷जीतो प्रीमियर लीग÷ रूपी क्रिकेट के विशाल आयोजन की घोषणा की गई। नीलामी आयोजन में योजना प्रभारी नेमीचन्द दलाल, नीतेश गांधी व शेखर चानोदिया, खेल समिति सदस्य नवरतन बाघमार,देव सामर, सिद्धार्थ पटवा,तरुण वोतावत,ऋषभ बोहरा एवं यश मेहता का सहयोग रहा।नीलामी का संचालन गौरव दलाल ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन जीतो नार्थ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने किया। धन्यवाद सह संयोजक अमित कोठारी ने दिया।

# पीडित किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो होगा उग्र आंदोलन

## ओला पीडित किसानों को कोई राहत नहीं

भानुप्रताप सिंह गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे




**मुरैना** विधानसभा क्षेत्र जौरा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिकरवार ने सरकार एवं प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण जौरा विधानसभा क्षेत्र सहित कई गांव के किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिकरवार द्वारा संपूर्ण क्षेत्र का दौरा किया गया। इसमें कई ग्रामों के किसानों ने बताया कि हमारी फसल लगभग 80 से 90 प्रतिशत बर्बाद हो चुकी है परंतु प्रशासन के द्वारा हमारे यहां अभी तक कोई सर्वे नहीं किया गया है।ग्राम जैतपुर, करौरी, रोधना, भटियारा, मुख्तारपुर, बदरपुरा, चंदनपुरा, खेरली, सैथरी, खिटौरा, मोहनपुर, अहरोली खिडोरा तोर तिलावली शुखपुरा सरसेनी भवनपुरा खरिका उतमपुरा ताजपुर सहजपुरा डीडोखर मंजीतपुरा गुर्जा कोलुडांडा आदि कई गांव के किसानों ने बताया कि हमारे यहां अभी तक कोई सर्वे की टीम नहीं आई है हमारी फसल पकी हुई खड़ी थी जिसे ओला और पानी ने बर्बाद कर दिया और बची कुची फसल भी एक-दो दिन में काट ली जाएगी। अगर सर्वे नहीं किया गया तो प्रशासन हमारे नुकसान को नहीं मानेगा किसानों ने अपनी पीड़ा श्री सिकरवार को बताते हुए कहा कि सरसों के साथ गेहूं की फसलें भी लगभग चौपट हो गई हैं। ओला और पानी से गेहूं लेट गया है, वहीं पकी हुई सरसों की बालियां फुटकर दाना जमीन में गिर चुका है अगर प्रशासन ने हमारी कोई मदद नहीं की तो इस बार किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जौरा के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह सिकरवार ने कहा कि अगर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो एक विशाल जंगी आंदोलन किया जाएगा





# और भी वजहें हैं जनतंत्र के अपमान की

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने लंदन में जाकर आखिर ऐसा क्या कह दिया है कि सत्तारूढ़ दल बौखला गया है? देश के प्रधानमंत्री से लेकर संसद के दोनों सदनों में भाजपा के नेता एक स्वर में राहुल गांधी पर देश के जनतंत्र और देश की '130 करोड़ जागरूक जनता' का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि राहुल गांधी अपने किये-कहे के लिए 'माफी' मांगें। उन्हें यह माफी इतनी ज़रूरी लग रही है कि संसद में महत्वपूर्ण बजट सत्र की कार्यवाही तक की परवाह नहीं है।



लंदन में विभिन्न आयोजनों में राहुल गांधी ने जो कुछ कहा, वह दुनियाभर में पढ़ा-सुना गया है। सच तो यह है कि सूचना-क्रांति के आज के दौर में कहीं भी, कुछ भी कहा जाये वह देखते-देखते सार्वजनिक संपत्ति बन जाता है। वैसे राहुल गांधी के इस बयान में ऐसा कुछ भी नहीं है जो उन्होंने भारत की संसद या भारत में जन-सभाओं में नहीं कहा हो। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में वह लगातार इसी तरह की, कहना चाहिए यही बातें कहते रहे हैं। देश में जनतांत्रिक मूल्यों या परंपराओं के क्षरण की बात हो या स्वायत्त एजेंसियों के दुरुपयोग की, इनसे संबंधित आरोप राहुल गांधी समेत विपक्ष के लगभग सभी नेता अरसे से लगाते रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि सत्तारूढ़ दल विपक्ष से इन आरोपों के प्रमाण मांगता या फिर अपनी ओर से ऐसे तथ्य सामने रखता जो विपक्ष के आरोपों को ग़लत सिद्ध करते। या फिर लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति राहुल गांधी से यह पूछते कि कब-कब उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया गया अथवा सदन में माइक बंद किया गया। जनतांत्रिक व्यवस्था में यह बहुत गंभीर आरोप है। अभिव्यक्ति की आज़ादी का अधिकार जनतंत्र में नागरिक के मौलिक अधिकारों में गिना जाता है। जनता के मौलिक अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। आपातकाल के दौरान तत्कालीन सत्तारूढ़ दल की नेता इंदिरा गांधी ने यही अपराध किया था, और तब देश की जनता ने उन्हें इस बात की सज़ा भी दी थी। आज राहुल गांधी सत्तारूढ़ दल पर ऐसा ही आरोप लगा रहे हैं। आज जिस तरह सरकारी एजेंसियों को विपक्ष को प्रताड़ित करने का हथियार बनाये जाने के आरोप लग रहे हैं, उसका मुकाबला 'माफी मांगो' शोर करने से नहीं हो सकता।

आज सत्तारूढ़ दल को यह बुरा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी का नेता विदेश की धरती पर जाकर देश के जनतंत्र का अपमान कर रहा है। अच्छी बात है यह कि सत्ता में बैठे लोगों को देश के गौरव की चिंता हो रही है। पर क्या देश का अपमान मात्र यह कहने से ही हो जाता है कि हमारे यहां जनतांत्रिक परंपराओं को तोड़ा जा रहा है? हां, ऐसा होने से देश का अपमान होता है, पर इसके लिए दोषी वे हैं जिनके कंधों पर हमने इन परंपराओं के पालन की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

देश या जनतंत्र का अपमान जिन बहुत-सी बातों से होता है उनमें ग़रीबी, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार के मुद्दे भी आते हैं। आज हमारा देश आर्थिक ताकत के रूप में उभर रहा है। आज हमारे देश की तरफ दुनिया उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। अच्छी लगती हैं ये बातें। लगनी भी चाहिये। पर क्या यह भी हकीकत नहीं है कि देश की अस्सी करोड़ जनता को मुफ्त खाद्यान्न देना पड़ रहा है? है यह उपलब्धि, पर इसके साथ ही यह सवाल भी जुड़ा है कि देश की अस्सी करोड़ आबादी की स्थिति ऐसी क्यों हो गयी कि उसे दो समय के भोजन के लिए सरकारी अनुकंपा पर जीना पड़ रहा है? सरकार ज़रूरतमंद को खाद्यान्न दे रही है, अच्छी बात है, पर इस सवाल का जवाब भी तो कोई देगा? और फिर यदि आज कोई इस स्थिति को उजागर करता है तो इसे देश के अपमान की कोशिश क्यों माना जा रहा है?

हां, देश अपमानित होता है जब यह बात उजागर होती है कि सारी कथित कोशिशों के बावजूद बेरोज़गारी कम नहीं हो रही। महंगाई को कम करने में विफलता भी देश को बदनाम करती है। देश तब भी बदनाम होता है जब धर्म के नाम पर दंगे भड़काये जाते हैं, देश तब भी बदनाम होता है जब जाति के नाम पर वोट मांगे जाते हैं। जनता का विश्वास जनतंत्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। यह विश्वास बना रहे इसके लिए ज़रूरी है जनता को भरमाने की कोशिशें बंद हों। हाल ही में 'इंडिया टुडे' समूह द्वारा किए गये सर्वेक्षण के अनुसार देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है। दूसरे नंबर पर महंगाई आती है। तीसरा स्थान गरीबी का है और फिर नंबर आता है भ्रष्टाचार का। यह सारी समस्याएं ऐसी हैं जिनका बने रहना राष्ट्रीय शर्म का विषय होना चाहिए। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग भी इसी श्रेणी में आता है। और जनतंत्र के औचित्य तथा सफलता का तकाज़ा है कि गरीबी कम हो, महंगाई कम हो, बेरोज़गारी कम हो, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कम हो। यह तभी संभव है जब इस बात को बार-बार उजागर किया जाये। बार-बार इस बात को सामने लाने की जरूरत है कि जनतंत्र के मूल्यों-आदर्शों की अनदेखी नहीं

## संपादकीय

# ग्रामीण विकास की शर्त

पिछले दिनों हरियाणा में विकास कार्यों में ई-टेंडरिंग के दायरे तथा अन्य मुद्दों को लेकर सरपंच सरकार से टकराव के मूड में नजर आये। यहां तक कि यह विरोध सड़कों तक में नजर आया। ऐसे वक्त में जब अगले साल आम चुनाव हैं और फिर राज्य विधानसभा के चुनाव होंगे, सरकार छोटी संसदों के नुमाइंदों से टकराव लेने का जोखिम नहीं उठाना चाहेगी। फिर आंदोलनकारी सरपंचों के मान-मनौव्वल की कोशिश भी हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कालांतर घोषणा की कि पांच लाख रुपये तक के विकास कार्य ई-टेंडरिंग से मुक्त होंगे। साथ ही सरपंचों व पंचों का मानदेय भी बढ़ाया गया है। दरअसल, ग्रामीण विकास से जुड़ी छोटी इकाइयों के जरिये होने वाले विकास में पारदर्शिता के सरकार के प्रयासों को सरपंचों ने अपने अधिकारों का अतिक्रमण माना। इसमें दो राय नहीं कि विकास कार्यों में पारदर्शिता के लिये इलेक्ट्रॉनिक वित्तीय प्रणाली के उपयोग से सार्थक परिणाम सामने आये हैं। ऐसे में ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनुशासन के लिये यदि ई-टेंडरिंग का क्रियान्वयन होता है तो उसे किसी के अधिकारों व ईमानदारी पर सवाल नहीं माना जाना चाहिए। यह वित्तीय पारदर्शिता की आवश्यक शर्त भी है। सरकार कह भी चुकी है कि करीब ग्यारह सौ पूर्व सरपंचों ने अभी तक अपने गांव के विकास रिकॉर्ड नहीं सौंपे हैं। बताते हैं कि इस बाबत हुई जांच में दलील दी गई कि रिकॉर्ड जल गये, गंदे हो गये या बह गये। निस्संदेह, ऐसे तर्क कई सवालों को जन्म देते हैं और इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया से वित्तीय अनुशासन की जरूरत बताते हैं। निस्संदेह, ग्रामीण विकास से जुड़े वित्तीय व्यवहार का रिकॉर्ड सावधानी पूर्वक रखा जाना चाहिए। इस प्रक्रिया में जहां सरपंचों की जवाबदेही बनती है, वहीं ग्रामीणों के स्तर पर जागरूक व्यवहार किये जाने की उम्मीद की जानी चाहिए। कई बार नागरिकों की तटस्थता और उदासीन व्यवहार से अनियमितताओं को बढ़ावा मिलता है। विकास कार्यों के रिकॉर्ड के बाबत दी गई दलीलें इस बात को और जरूरी बनाने पर बल देती हैं। निस्संदेह, इस तरह के गैरजिम्मेदार वित्तीय व्यवहार के आलोक में सरपंचों की मांगें कई सवालों को जन्म देती हैं। खासकर विकास निधि के उपयोग के उन तरीकों को लेकर जिनमें सुधार की मांग की जा रही थी। दरअसल, सरपंच दो सुधारात्मक कदमों को वापस लेने की मांग करते रहे हैं। पहली यह कि विकास कार्यों के लिये ई-निविदा प्रक्रिया सीमित स्तर तक ही हो। निस्संदेह, ई-निविदा प्रक्रिया विकास कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही लाने के मकसद से ही शुरू की गई थी। दूसरा, वे वापस बुलाने के उस अधिकार को खत्म करना चाहते थे, जिसमें सरपंच के कार्य प्रदर्शन से खुश न होने पर उसे वापस बुलाने का प्रावधान है। दरअसल, दिसंबर 2022 में विधानसभा में हरियाणा लोकायुक्त न्यायमूर्ति हरिपाल वर्मा की रिपोर्ट के आलोक में इन सुधारों को लागू करने पर बल दिया गया था। कई मामलों में पंचायतों के वित्तीय व्यवहार से जुड़े अभिलेख गायब पाये गये थे। ये वे अभिलेख थे जो सरंपचों के संरक्षण में होते हैं। दरअसल, पंचायती राज संस्थाओं की वर्ष 2017-18 की ऑडिट रिपोर्ट ग्रामीण स्तर पर चल रही अनियमितताओं का खुलासा करती है।

# महासमर के सेमीफाइनल की तैयारी

कर्नाटक में एक बार फिर चुनावी राजनीति का आगाज हो चुका है। सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस और जनता दल एस सत्ता में वापसी के लिए उम्मीदवारों के चयन करने के साथ मतदाताओं को रिझाने में जुटे हैं। विधानसभा चुनाव का ऐलान इस महीने के अंत तक हो सकता है। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि राज्य विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को पूरा होगा लिहाजा चुनावी प्रक्रिया इससे पहले ही पूरी हो जाएगी।



सत्तारूढ़ भाजपा हर बार की तरह चुनावी तैयारियों को लेकर पहले से तत्पर हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक और कर्नाटक दौरा हो चुका है जिसमें 16,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। मोदी ने कांग्रेस और जनता दल एस के गढ़ मांड्या में रोड शो किया। चिरपरिचित अंदाज में मोदी ने कांग्रेस पर तीखे हमले किए और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लिया।

मोदी ने मांड्या में जनसभा में कटाक्ष किया कि कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने में व्यस्त है और मोदी गरीबों का जीवन आसान करने में व्यस्त हैं। इसके बाद उन्होंने हुबली-धारवाड़ में भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाए गए। भारत के लोकतंत्र की जड़ें हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। राहुल गांधी ने कर्नाटक के हिरियूर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राज्य सरकार और भाजपा पर जबर्दस्त हमला बोला था। राहुल ने आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। राहुल के बाद मोदी के चुनावी बाणों से भाजपा उत्साहित है लेकिन उसके लिये आगे की राहें आसान नहीं दिख रही हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह को चुनावी बेरोमीटर मापने का विशेषज्ञ माना जाता है। भाजपा हाईकमान ने कर्नाटक के बड़े लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को उम्र का हवाला देकर मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था लेकिन चुनाव के नजदीक आते ही एक बार फिर येदियुरप्पा कर्नाटक की चुनावी राजनीति में भाजपा की डगमगाती नैया के खवैया बन गये हैं। खुद अमित शाह ने कर्नाटक के पिछले दौरे में मोदी के साथ येदियुरप्पा को राज्य में तवज्जो देने की बात की थी। शाह ने येदियुरप्पा से भेंट की थी जो इस मायने में अहम है कि एक बार फिर नेतृत्व यह सुनिश्चित करना चाहता है कि येदियुरप्पा हाशिये पर धकेले जाने का अहसास न करें। पार्टी को डर है कि यदि येदियुरप्पा निष्क्रिय होने का फैसला करते हैं तो उसका चुनाव पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कर्नाटक उन आधा दर्जन राज्यों में शामिल है जहां इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा 2018 के कर्नाटक चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी लेकिन उसे बहुमत से नौ सीटें कम मिली थीं। कुल 224 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 104 सीटें जीती थीं। कांग्रेस ने जनता दल (एस) के साथ चुनाव के बाद गठबंधन किया और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने थे लेकिन उनकी सरकार 14 महीने चल पाई और जुलाई, 2019 में कांग्रेस और जनता दल (एस) के विधायकों ने पाला बदल लिया जिससे भाजपा को सरकार बनाने का एक और मौका मिल गया। भाजपा तब से कर्नाटक में शासन कर रही है। पहले अनुभवी नेता बीएस येदियुरप्पा मुख्यमंत्री बने फिर जुलाई, 2021 में उनके स्थान पर बसवराज बोम्मई को नियुक्त किया गया। बोम्मई सरकार का कमजोर प्रदर्शन भाजपा को कर्नाटक में अपनी जीत की संभावनाओं के बारे में पर्याप्त विश्वास दिलाने में विफल रहा है। भाजपा कर्नाटक को दक्षिणी राज्यों में राजनीति में प्रवेश द्वार के रूप में देखती है। भाजपा के लिए ये चुनाव इसलिये भी अहम है कि कर्नाटक के पड़ोसी राज्य तेलंगाना में इस साल दिसंबर में चुनाव होने हैं जिस पर वह अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगाकर अभी से तैयारी में जुटी है। तीन पूर्वोत्तर राज्यों- त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय के विधानसभा चुनावों के बाद कर्नाटक का चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी चुनाव होंगे जहां पिछली बार कांग्रेस ने बाजी मार ली थी। हालांकि भाजपा ने मध्यप्रदेश में जोड़तोड़ कर फिर से सरकार बना ली थी। कर्नाटक में हार न केवल तेलंगाना में चुनाव को प्रभावित कर सकती है बल्कि अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से पहले भाजपा के लिए गलत संदेश जा सकता है। कांग्रेस के लिये कर्नाटक एक अवसर है जिससे वह अपने खोये हुए जनाधार को फिर से हासिल कर सकती है। जनता दल एस ने भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाये रखने की बात कही है, लेकिन उसे इस नीति से ज़?यादा फायदा नहीं होगा क्योंकि सत्ता में रहकर कुमार स्वामी कुछ खास नहीं कर पाये। कांग्रेस के लिए कर्नाटक के क्षत्रप मल्लिकार्जुन खड़गे एक तुरूप का पत्ता हैं जो इस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इस बार कर्नाटक के चुनाव में उनकी अहम भूमिका हो सकती है। वे क्षेत्रीय भाषा कन्नड़ में जनता से सहज संवाद कर सकते हैं।

# चपरासी डिग्रीधारी

रोज-रोज बढ़ रही है बेरोजगारी,  
युवा रोजगार के लिए भटक रही मारी मारी,  
चपरासी पद पर आवेदन करते इंजीनियरिंग डिग्रीधारी,  
क्या फिर भी नहीं है नौकरी का अधिकारी?  
मास्टर डिग्री लेकर युवा करते रोजगार तलाश,  
नहीं मिलता रोजगार तो हैं हताश,  
थोड़ी से हैं पद कई करते आवेदन,  
यह मुद्दा आम नहीं है यह संवेदन,  
बात यही आकर नहीं रुकती,  
अदालतों में निकली चपरासी की नौकरी में झलकती,  
बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार के लिए आना,  
लगता उनको किस्मत का खुलना है खजाना,  
क्यों ऐसे हालात हैं आज,  
रोजगार देने का क्या है राज,  
युवाओं को बनाना अगर रोजगार दाता,  
दो ऋण प्रशिक्षण मार्गदर्शन प्रदाता,  
डिग्रीधारी होने से पूर्व करो खुद को तैयार,  
नहीं बनना चपरासी हो जाओ होशियार,  
अध्ययन के लिए पूंजी लगाई है भारी,  
न बने मेरे देश में चपरासी डिग्रीधारी।  
- डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# खबरों की असल-नकल से राजनीति की फसल

नहीं जी, पुलिस ने नहीं पीटा। मल्लब पीटना पुलिस का काम है, ठीक है। पुलिस के पास डंडा इसीलिए होता है। खैरजी, पुलिस पीटती तो उसकी ऐसी खबर भी नहीं बनती कि इतनी हाय-तौबा मच जाए। हां, पुलिस जब एनकाउंटर करती है, तो उसकी खबर जरूर बन जाती है। लेकिन यह पिटाई पुलिस ने नहीं की। यह पिटाई गौरक्षकों ने भी नहीं की। यह पिटाई से अगली स्टेज है। मल्लब उनका उद्यम फल-फूल रहा है। खैर, लोग धर्म की रक्षा के लिए उतर पड़े हैं, तो अब उनकी भी रक्षा हो ही जाएगी। नहीं जी, किसी नेता ने भी किसी कारकून को नहीं पीटा है। उनका मामला कुछ-कुछ पुराने जमींदारों जैसा है कि जब जी आया, कारकूनों को पीट लिया। नहीं तो अपना शांति सद्भाव करते रहे। न मालिक ने किसी मजदूर को पीटा, न भीड़ ने किसी जेबकतरे को पीटा, तो फिर किसने किसको पीट दिया भाई! तो जनाब, इधर भाजपा वाले हंगामा किए हुए हैं कि तमिलनाडु वालों ने बिहार वालों को पीट दिया और आप तो जानते ही हैं कि जब बिहार वालों को कोई पीट देता है, तो हंगामा हो ही जाता है।



याद है न वह जमाना जब मुंबई में शिवसेना वाले बिहार वालों यानी उत्तर भारतीयों को पीट दिया करते थे। लेकिन इधर तो दूसरों को पीटने वाली शिवसेना खुद पिटी पड़ी है। उस जमाने में पीटने वालों की अगुवाई करने वाले राज ठाकरे को पहले उद्धव ठाकरे ने पीटा और फिर उद्धव ठाकरे को एकनाथ शिंदेजी ने पीट दिया। अब उद्धव ठाकरे कह रहे हैं कि मौका आने दो मैं चुनाव में शिंदे को पीटकर रहूंगा। हर पिटने वाले के मंसूबे ऐसे ही होते हैं। तो मुंबई में तो उत्तर भारतीय अब आराम से अपना धंधा-पानी कर सकते हैं। लेकिन अब तमिलनाडु वालों को देखो, वे बिहार वालों की पिटाई कर रहे हैं। लेकिन तमिलनाडु वाले कह रहे हैं कि यार हमने ऐसा कब कर दिया, यह तो हमें भी पता नहीं। यह ठीक है कि हम हिंदी थोपे जाने का विरोध करते हैं, लेकिन इस विरोध में भी पिटाई-विटाई तो शामिल है नहीं।

लेकिन भाजपा वाले दे दनादन पिटाई वाले वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। मल्लब हंगामा इतना हो गया कि बेचारे नीतीशजी घबरा गए कि उनकी विपक्षी एकता को यह किस की नजर लग गयी। लेकिन फिर स्टालिन साहब ने उन्हें भरोसा दिलाया कि ऐसा कुछ भी नहीं है सरजी। यह सब तो फेक न्यूज है। बल्कि उन्होंने तो तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष को गिरफ्तार करके भी दिखा दिया। सुप्रीम कोर्ट फेक न्यूज को लेकर चाहे कितना ही चिंतित हो, राजनीति को फेक न्यूज की कोई चिंता नहीं है। उसके लिए तो यह बड़े काम की चीज है भाई!

# गरीब एवं असहाय लोगों की मदद में अग्रसर नूर विजन फाउन्डेशन

**ब्यूरो चीफ सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

एटा नूर विजन फाउन्डेशन मारहरा गेट एटा द्वारा असहाय एवं गरीब लोगों की मदद के लिये जनहित में एक कैम्प वार्ड नं0-8 पोता नगला चैक एटा में लगाया गया। जिसमें गरीब एवं असहाय लोगों की निःशुल्क मदद हेतु दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, गरीब स्कूली बच्चों के लिये जाति, आय, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य सेवायें एवं पम्पलेट बांटकर जानकारियॉ प्रदान की गयी।अध्यक्ष मो0 सोहिब ने लोगों से अपील करते हुये कहा कि हमारे द्वारा जनहित में निःशुल्क कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, गरीब स्कूली बच्चों के लिये जाति, आय, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि कार्य निःशुल्क कराये जायेंगे। किसी भी प्रकार का किसी से शुल्क नहीं लिया जायेगा। हमारा उद्देश्य लोगों तक जन सुविधाओं को पहूँचाना है। बहुत से असहाय एवं जरूरतमंद लोग ऐसे देखे जाते हैं जो



जानकारी के अभाव में सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। जिनके लिये हमारा फाउन्डेशन परिवार हर सम्भव उनकी समस्याओं का समाधान कराने का पूर्ण रूप से प्रयास करेगा।परवेज अली सचिव द्वारा बताया कि नूर विजन फाउन्डेशन पूर्ण रूप से सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। फाउन्डेशन द्वारा हर पात्र लाभार्थी को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाना हमारी प्राथमिकता है। जिसमें पेंशन सम्बन्धी प्रकरण, असहाय लोगों की मदद के लिये उनकी समस्याओं का सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर निस्तारण कराने के लिये पूर्ण प्रयास किया जायेगा। ट्रस्टी मो0 हारून ने सभी लोगों को योजनाओं सम्बन्धी जानकारी की पम्पलेट बांटते हुये कहा कि किसी भी समस्या के लिये आप ट्रस्ट परिवार से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट असहाय एवं गरीबों के हित में कार्य कर रहा है। जोकि निरन्तर जारी रहेगा। जिसमें मौके पर काफी लोगों द्वारा अपनी पेंशन प्रकरण आदि से सम्बन्धित समस्यायें फाउन्डेशन के समक्ष रखी। जिसके लिये फाउन्डेशन परिवार द्वारा उनको समाधान कराने का पूर्ण किया जायेगा। इस दौरान शिविर पर मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष मो0 सोहिब, सचिव परवेज अली एवं ट्रस्टीगण तौसीफ, हारून, अबरार अली आदि मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान का लांजी आगमन आज**

# भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे ने लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र की सभी माताओं बहनों से उपस्थिति की अपिल की

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

**लांजी-** मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज 20 मार्च को धर्म नगरी लांजी में दोपहर 2 बजे आगमन होने जा रहा है। शिवराज सिंह चौहान लांजी के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम में लाडली बहना सम्मेलन मे शिरकत करेंगे। बतादे कि मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की अपनी सभी बहनों के लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ 5 मार्च को किया है जिसके तहत मध्यप्रदेश की 23 से 59 वर्ष तक की पात्र महिला हितग्राहियों को प्रतिमाह 1 हजार रूपये प्रदाय मध्यप्रदेश शासन के द्वारा उनके खातों मे किया जायेगा। इसी लाडली बहना योजना के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिले के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी के द्वारा एक विशाल लाड़ली बहना सम्मेलन का आयोजन लांजी के सालेटेकरी मार्ग स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम में किया गया है जिसमे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान को रमेश भटेरे के द्वारा आमंत्रित किया गया था जिस पर सहर्ष हामी भरते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस सम्मेलन मे सम्मिलित होंगे एवं अपनी सभी बहनों को संबोधित करेंगे।

लाड़ली बहना सम्मेलन में आज अधिक से अधिक संख्या में पधारे - रमेश भटेरे भाजपा जिलाध्यक्ष 20 मार्च सोमवार का दिन है, देश के स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में होने वाली अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई का कल बलिदान दिवस है और इस 20 मार्च को ही हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री



हर बहनों के भैया आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी हमारे अपने बीच हमारी अपनी नगरी लांजी नगरी में आ रहे हैं। विगत 5 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी ने मध्यप्रदेश के हमारी सारी माताओं बहनों को शसक्त और मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लाडली बहना जैसी एक अद्वितीय पावन योजना लेकर आए हैं और इसी लाडली बहना योजना के कार्यक्रम के तारतम्य में कल 20 मार्च को लाडली बहना सम्मेलन का आयोजन हम लोगों ने किया हुआ है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी रहेंगे मैं पूरे भारतीय जनता पार्टी परिवार की ओर से आदरणीय मुख्यमंत्री जी का हार्दिक स्वागत करता हूं अभिनंदन करता हूं और चुकी अपनी बहनों से मिलने के लिए भैया आ रहे हैं और इसी निमित्त मैं अपने लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र की सभी माताओं बहनों से विनम्रता पूर्वक आग्रह करता हूं निवेदन करता हूं कि इस लाडली बहना सम्मेलन में आज अधिक से अधिक संख्या में पधारे मै मीडिया के माध्यम से अपने पूरे क्षेत्र की माताओं बहनों से नम्र पूर्वक आग्रह कर रहा हूं चूंकि आपके भैया आ रहे हैं और अपने भाइयों से मिलने के लिए सभी बहने जरूर पधारें इस बात का मैं निवेदन करता हूं और सब मिलकर इस लाडली बहना को संपन्न करें यहां एक और इस कार्यक्रम के माध्यम से बहनों को भी अच्छा लगेगा और भाई मिलने में आ रहे तो भाई को भी अच्छा लगेगा सभी माताएं बहने अवश्य पधारें धन्यवाद।

# मौ पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**-पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन मे अवैध शराब एवं अवैध हथियार पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री सौरभ कुमार के मार्ग दर्शन मे दिनांक 18/03/2023 को थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव को अवैध हथियारो की खरीद-फरोख्त के सम्बन्ध मे मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई मुखबिर सूचना पर से तस्दीक व कार्यवाही हेतु चौकी झाकरी प्रभारी उनि) अजय सिंह यादव को निर्देशित किया जो अपनी टीम को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान अतरसोहा गांव के पास पहुचे वहां अतरसोहा करवास गांव के बीच क्रेशर तिराहा रोड पर मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये का कुर्ता पजामा पहने हुये एक व्यक्ति दाहिने हाथ प्लास्टिक के थैले में कुछ ले जाता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे घेरा बन्दी कर पकड़ा जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रायसिंह गुर्जर पुत्र सोबरन सिंह गुर्जर उम्र 50 साल निवासी ग्राम अतरसोहा थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) का होना बताया गया जिसके थैले की तलाशी लेने पर दो 315 बोर के देशी कट्टे व एक 12 बोर का देशी कट्टा व एक 315 बोर की देशी अधिया व दाहिने कुर्ते की जेब से चार 315 बोर के जिन्दा राउण्ड रखे मिला जिसके सम्बन्ध मे कोई बैध दस्तावेज न होने से मौके पर समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया



गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25 ( आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को आज दिनांक 19/03/2023 को माननीय न्यायालय गोहद के समक्ष पेश किया गया है।

**सराहनीय भूमिका** उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिह यादव, उनि) अजय सिह यादव चौकी झाकरी प्रभारी, आर . जहीर मोहम्मद, आर .दीवान सिह गुर्जर, आर .धर्मेन्द्र सिह तोमर आर .भगवत की सराहनीय भूमिका रही है।

# रोटरी क्लब ने भेंट की वृद्धाश्रम में रोटी बनाने की मशीन

**रघुवर दयाल गोहिया**

**भोपाल/**विदिशा मध्यप्रदेश के विदिशा में श्री हरि वृद्ध आश्रम को रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर ने दो लाख रुपए मूल्य की आधुनिक रोटी बनाने की मशीन भेंट की है। साथ ही लंदन से आए सनराइजर्स स्कूल विदिशा के संचालक डॉक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा आधुनिक तकनीक और उत्कृष्ट संसाधनों से तैयार कराए जा रहे सुमन कक्ष का लोकार्पण किया गया। इस कक्ष के पहले चरण में डॉक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा भेंट की गई 75 इंची अत्याधुनिक गूगल एलईडी टीवी लोकार्पित हुई।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शशांक भार्गव थे। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह,सीएसपी विकास पांडे, रोटरी क्लब और ग्रेटर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश मोतियानी रोटेरियन चंद्र मोहन अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कटारे, मुक्तिधाम समिति के सचिव मनोज पांडे




मंचासीन थे। कार्यक्रम में रोटी बनाने की मशीन हेतु एक लाख रुपए का दान देने वाले वरिष्ठ समाजसेवी रोशन लाल अरोरा का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। वहीं डॉ. संजीव आनंद श्रीवास्तव,सत्यप्रकाश अग्रवाल,चंद्रमोहन अग्रवाल,हरीश बाधवानी,प्रकाश कंजेला,शैलेश राजपूत,विजय सुंदरानी,राकेश शर्मा, व्ही पी सिंह,प्रकाश गुनतानी,कृष्णा स्वीट्स, रवि तलरेजा,भास्कर राव कंपूवाले, दिनेश रामानी सहित वृद्ध आश्रम के संचालक वेद प्रकाश शर्मा अध्यक्ष श्री मति इंदिरा शर्मा का मशीन हेतु दान देने के लिए स्मृति



चिन्ह से सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री भार्गव ने कहा कि समाज सेवा में धन दान करने वाले बहुत होते हैं पर तन, मन, धन से निस्वार्थ सेवा करने वाले लोग कम होते हैं। इनमे श्री हरि वृद्ध आश्रम के संचालकों का कार्य उल्लेखनीय है।उन्होंने नर सेवा को ही नारायण सेवा बताया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष तोरण सिंह ने कहा कि जहां पीड़ित और दुखी वृद्ध जनो के आंसू पोंछने का कार्य होता है वह स्थान किसी तीर्थ से कम नहीं है। सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि विदिशा शहर के दानवीर श्री हरि वृद्ध आश्रम में बुजुर्गो की उनके परिजनों की तरह चिंता करते हुए उनका ध्यान रखते हैं। मुक्तिधाम के सचिव मनोज पांडे ने कहा कि पिछले 20 वर्षो से लगातार 24 घंटे की सेवा करना किसी तपस्या से कम नहीं हे। सीएसपी विकास पांडे ने कहा कि घरों में अपने बुजुर्गो की सेवा करना हर मनुष्य का प्रथम धर्म है। कार्यक्रम का संचालन क्लब के ट्रस्टी सचिव रोटेरियन चंद्रमोहन अग्रवाल ने किया। वृद्ध आश्रम की अध्यक्ष श्री मति इंदिरा शर्मा ने वृद्ध आश्रम में दस किलोवाट के सोलर पैनल और एक एंबुलेंस वाहन की महती आवश्यकता जताई। इस अवसर पर रोटरी क्लब और रोटरी क्लब आफ ग्रेटर ,लायन क्लब विदिशा के अनेक सदस्य सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं के साथ हुई घटना से मैं बेहद दुखी, सरकार से 10-10 लाख सहायता की मांग: गोविंद सिंह

**भोपाल।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मुरैना जिले के थाना टेंटरा अंतर्गत रोधई घाट पर शिवपुरी जिले के करीब 17 श्रद्धालु कम पानी में चंबल नदी को पार कर कैलादेवी के दर्शन करने जा रहे थे अचानक मगरमच्छ द्वारा हमला कर दिये जाने से जान बचाने के लिए गहरे पानी में चले जाने के कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई है। यह घटना आज सुबह लगभग 7 बजे की है। स्थानीय लोगों के द्वारा चार शवों को बाहर निकाला गया है, शेष का अब तक पता नहीं चल सका है। प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी दोपहर 3 बजे तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे और ना ही रेस्क्यू टीम पहुचीं। राजस्थान के कलेक्टर एवं एसपी सुबह से घटनास्थल पर तैनात है एवं रेस्क्यू आपरेशन चला रहे है।डॉ. सिंह ने इस घटना को दुखःद बताते हुये मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री जी द्वारा रेस्क्यू टीम भेजने और तेजी से कार्यवाही करने की बात को महाझूठ कहा है। घटना स्थल पर कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं मंत्री रामनिवास रावत सुबह से मौजूद है एवं पल-पल की जानकारी से मुझे अवगत करा रहे है। मुख्यमंत्री भोपाल के जंबूरी मैदान में पाखण्ड करने में व्यस्त है, किंतु इतनी ब?ी घटना घट जाने के बाद भी सरकार का कोई भी मंत्री घटना स्थल पर नहीं पहुंचा है। यह सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक है। नेता प्रतिपक्ष ने मृतकों के निकटम परिजनों को 10 -10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दिये जाने, उस घाट पर पुल बनाये जाने एवं घटना की जांच कराई जाकर मुरैना जिले कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित किये जाने की मांग की है।






दमोह कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# तीन हजार रूपये का इनामी एवं स्थाई वारंटी पकड़ा



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** फरार आरोपी एवं वारंटियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन में दमोह कोतवाली प्रभारी विजय सिंह राजपूत को निर्देशित किया गया था। जिसको थाना प्रभारी विजय सिंह राजपूत के द्वारा अपनी टीम गठित करके फरार आरोपी एवं फरार वारंटियो को पकड़ने के लिए अप.क्र. 8/22 धारा 457, 380 ताहि, के फरार एवं 3000 रूपये के इनामी आरोपी गिण्डे उर्फ इमरान पठान पिता शेख इमाम उम्र 32 साल निवासी चैनपुरा दमोह एवं स्थाई वारण्टी बारिश पिता गुलाम कुरैशी उम्र 22 साल निवासी कसाई मंडी दमोह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी गिण्डे के विरूद्ध थाना कोतवाली मे पूर्व से मारपीट करने अवैध हथियार रखने, गौवंश वध अधिनियम, चोरी नकबजनी के पूर्व से 12 अपराध पंजीबद्ध है।आरोपियों में गिण्डे उर्फ इमरान पठान पिता शेख इमाम उम्र 32 साल निवासी चैनपुरा दमोह बारिश पिता गुलाम कुरैशी उम्र 22 साल निवासी कसाई मंडी दमोह है।इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत, उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी, उप निरीक्षक प्रियंका पटैल, प्रधान आरक्षक डेलन, प्रधान आरक्षक कलीम, आरक्षक योगेन्द्र यादव, रूपनारायण, देशराज,कृष्ण कुमार,नरेन्द्र का विशेष योगदान रहा।

# बिजली वसूली की मनमानी पर लगे प्रतिबंध: रतनचंद जैन



पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतन चंद जैन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक मोर्चे पर विफल साबित हुई है यह सरकार केवल वही घोषणाये करती है जिनमें इन्हें वोटे मिल सकें। पिछले कई समय से म.प्र. विद्युत मंडल भाजपा सरकार के आदेश पर पूरे जिले में आम जनता से बिजली बिल वसूली के नाम घरो के सामान फ्रिज कूलर टी.बी. दो पहिया वाहन, किसानों के कृषि उपकरणों की कुर्की कर रही है। इस तरह का रवैया अत्यंत निंदनीय है। शिवराज सरकार दोहरी नीति अपनाकर एक तरफ बहिनों को रूपये का लालच दे रही है वही उन्ही बहिनों के किचन से गैस सिलेन्डर के दाम ब?ाकर गृहणियों का घरेलु वजट बिगा? रही है गैस सिलेन्डर के दाम कम किये जाये। सहारा इंडिया बैक में जिन निवेशकों का पैसा गया है। वह वापिस किया जाये इसी तरह जिलों में किसानों के गेहूँ की आवक शुरू हो गई है किन्तु किसानों की फसलों का समर्थन मुल्य तय नहीं किया गया हमारी मांग है कि समर्थन मूल्य 3000 रूपये किये जाने उक्त समस्त मागों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी का जबेरा विधानसभा क्षेत्र की हर्रई में 27 मार्च 2023 का आगमन हो रहा है। वह भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आमसभा को संबोधित करेंगे।

# परशुराम प्रकटोत्सव को लेकर बैठक संपन्न



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव कि तैयारियों को लेकर स्थानीय परशुराम भवन में बैठक आयोजित कि गई।जिसमें ब?ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों के द्वारा अपनी अपनी बात सभी के समक्ष रखी गई और भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव को भव्य और विशाल बनाने के लिए समाज के सभी लोगों से ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने के अहम भूमिका निभाएंगे । मीटिंग में समाज के सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए समाज के शिक्षको के समक्ष बात रखी गई जिसमें समाज के जितने भी लोग शिक्षक है वह समाज के बच्चों को कोचिंग क्लास के माध्यम से इसका लाभ भी दे सकते है कोचिंग के लिए स्थान पर भी विचार विमर्श हुआ जिस पर सभी कि सहमति पर परशुराम भवन को चिन्हित किया गया। आगामी रविवार को बैठक का आयोजन किया जायेगा।

# दुबहियां ग्राम में वितरित हुआ खाद्यान्न,वितरण को लेकर हुई थी शिकायत

देवेंद्र नगर

विगत दिनों दुबहिया ग्राम के कुछ ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया गया था की संबंधित ग्राम का सेल्समैन अंगूठा लगवा कर खाद्यान वितरण नही कर रहा है जिस शिकायत पर कुछ समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुई थी इस संबंध में जब दुबहियाँ ग्राम के निवासियों ने कैमरे के सामने बताया की सेल्समैन द्वारा शिकायत के बाद खाद्यान्न वितरित कर दिया गया है।ग्रमावासियों का ये भी कहना है की शिकायत केवल इस बाबत की गई थी ताकि हर माह राशन वितरित हो इसके लिए सेल्समैन ने आश्वस्त किया है की हर माह



नियमित खाद्यान्न वितरित होगा।पिछले माह वितरण के दौरान मेरी तबियत बिगड़ने के कारण राशन नही वितरित हो पाया था इसलिए इस माह विगत माह के साथ राशन वितरित कर दिया गया है,में आगे से हर माह नियमित राशन वितरित करूंगा
विवेक द्विवेदी
सेल्समैन
सुंदरा

इस माह के साथ पिछले महीनो का राशन हमें मिल गया है अब सेल्समैन नियमित वितरण हर माह करें यही सेल्समैन ने भरोसा दिलाया है हमें यही चाहिए था की हमारी शिकायत पर सुधार हो जाए जो की हो गया है
ग्रामवासी।दुबहियां



# भुवन आमिर खान की गौरी के लिए ये दिग्गज थी आशुतोष गोवारिकर की फर्स्ट च्वाइस

आशुतोष गोवारिकर ने जब लगान बनाने के बारे में फैसला किया था तो गौरी के रोल में वो सबसे पहले रानी मुखर्जी को ही लेना चाहते थे. हालांकि रानी मुखर्जी को फिल्म की स्क्रिप्ट कुछ खास नहीं लगी. इसी वजह से एक्ट्रेस ने लगान में काम करने से इनकार कर दिया. रानी मुखर्जी के इनकार करने के बाद आशुतोष गोवारिकर वो रोल लेकर ग्रेसी सिंह के पास गए और उन्होंने गौरी का रोल कर अपनी एक्टिंग से यादगार कर दिया. हालांकि बाद में एक्ट्रेस को फिल्म छोड़ने का दुख तो जरूर हुआ होगा.रानी मुखर्जी की छोड़ी हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाकर रख दिया था. इसके साथ मूवी को क्रिटिक्स ने भी बहुत पसंद किया और ये फिल्म ऑस्कर तक में शामिल हुई. हालांकि फिल्म अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाई थी.

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्रों के द्वारा सीनियर कक्षा के छात्रों द्वारा दी गई भावभीनी विदाई




स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन की शुरूवात प्राची अंजलि द्वारा किया गया जिसमें जूनियर कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को विदाई पार्टी दी कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के डायरेक्टर श्री अलछेंद्र पटेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया वही कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं हिमानी अनामिका के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया वहीं छात्रों द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया एवं कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 8के छात्र छात्राओं को भेंट स्वरूप टाइटल व गिफ्ट प्रदान किये गए वही कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर श्री अल्छेंद्र पटेल जी द्वारा छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने के लिए प्ररित किया एवं उन्होंने कहा चरित्र और आचरण से ही छात्र की पहचान होती है जिस में विद्यालय के समस्त विद्यालय परिवार सम्मिलित रहा

# सोनम कपूर का कमिटमेंट देख बाग-बाग हुआ आनंद आहूजा का दिल, बोले- तुस्सी ग्रेट हो...



सोनम कपूर के पति और कारोबारी आनंद आहूजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अभिनेत्री के लिए खूबसूरत पोस्ट लिखा. साथ ही, उनकी जमकर तारीफ की. बता दें कि यह पोस्ट मदर्स डे के मौके पर लिखा गया, जो यूके में मार्च के दौरान मनाया जाता है. आनंद ने सोनम की तारीफ करते हुए लिखा कि वह उनके बेटे की मां की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही हैं. आनंद के इस पोस्ट ने सोनम को पूरी तरह निशब्द कर दिया.आनंद ने एक थ्रोबैक फोटो शेयर किया, जिसमें सोनम कपूर अपने बेटे वायु को गोद में लिए नजर आईं. यह तस्वीर मुंबई में हुए एक कार्यक्रम की है. आनंद आहूजा ने लिखा, %मैं यह बात कबूल करता हूं और सोनम भी इसकी पुष्टि कर सकती है कि इमोशनल और सोशल अवेयरनेस कभी मेरी ताकत नहीं रही. नतीजतन, मुझे यह देखकर काफी अच्छा लगता है कि सोनम ने पिछले 17 महीने के दौरान (हकीकत में इससे ज्यादा समय से) अपना और अपने बच्चे का बखूबी ख्याल रखा. सोनम के मां वाले इस रूप को शब्दों में बयां करना बेहद मुश्किल है.आनंद ने आगे लिखा, हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जब हम सभी तुरंत तारीफ पाने के आदी हो चुके हैं. ऐसे में मदरहुड के लिए कमिटमेंट दिखाने का मतलब यह है कि आप इस दौर से कहीं ऊपर उठ चुके हैं. बेटी, बहन और पत्नी (गर्लफ्रेंड भी) के रूप में सोनम ने जिन जिम्मेदारियों को निभाया है, मैं उनकी भी काफी तारीफ करता हूं. इसके अलावा सोनम यह भी तय करती हैं कि हमारे बेटे को वह सभी प्यार, सीख और आशीर्वाद मिले, जिससे वह हमारी विरासत को अच्छी तरह समझ सके.

# इस सिंगर ने दोस्त में ही ढूंढ लिया था दूल्हा, जानें क्यों पहनती हैं पगड़ी?



ऊपर वाला इस धरती पर कभी-कभी ऐसे नगीने भेज देता है, जो अपनी रूहानियत से पूरे जग में मधुरता और प्यार फैला देते हैं. कुछ ऐसी ही रूहानियत लिए जन्मी मशहूर सिंगर हर्षदीप कौर इतनी मशहूर हैं कि देश के कोने-कोने में उनके फैंस मौजूद हैं. अपनी आवाज से लाखों दिलों को %गुड़ नाल इश्क मीठा% कराने वाली हर्षदीप करोड़ों लोगों के जेहन में बसती हैं. लेकिन प्यारी सी आवाज की मालकिन इस सिंगर के दिल में बचपन से बस एक ही नाम बसता था और वह नाम मनकीत सिंह का था. आज हर्षदीप और मनकीत अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मना रहे हैं. आइए हम आपको दोनों की प्यारी सी लव स्टोरी से रूबरू कराते हैं.वाहेगुरु की कृपा से महज छह साल की उम्र से %इक ओंकार% गाने वाली हर्षदीप पढ़ाई करते-करते कब %कतिया करूं% करने लगीं किसी को भी पता नहीं लगा. हालांकि, एक शख्स ऐसा था, जिन्हें हर्षदीप की हर छोटी-छोटी से बात का पता होता था. वह और कोई नहीं, बल्कि उनके बेस्ट फ्रेंड मनकीत सिंह थे. कहते हैं न इश्क में डूबे दो दोस्तों को वक्त ही समझाता है कि उनके बीच दोस्ती से कुछ ज्यादा है. ऐसा ही कुछ हर्षदीप और मनकीत के साथ हुआ. दोनों कहने को तो बचपन से ही दोस्त थे. साथ पढ़ना, साथ खेला करते थे, लेकिन दोनों की दोस्ती में इश्क की एंट्री तब हुई, जब हर्षदीप ने दिल्ली से मुंबई का रुख किया.अनजान शहर और अनजान लोगों के बीच हर्षदीप के लिए मनकीत एक ऐसे साथी बनकर उभरे, जिसने उन्हें मायानगरी की चकाचौंध भरी दुनिया में कभी अकेला नहीं पड़ने दिया. दिल्ली से मुंबई पढ़ाई करने आई हर्षदीप की मुलाकात अचानक एक दिन वर्षों बाद मनकीत से हुई. बस फिर क्या था बचपन की यह दोस्ती धीरे-धीरे गहरी...और गहरी होती गई और समय के साथ इस दोस्ती का रंग इतना गाढ़ा हो चला कि हर्षदीप और मनकीत को कभी किसी तीसरे की जरूरत महसूस नहीं हुई. दोनों को एक-दूसरे साथ अच्छा लगने लगा और अक्सर साथ समय बिताने लगे. हर्षदीप और मनकीत कुछ इस तरह एक-दूसरे के पीछे %झक मार के% पड़ गए और बस दोस्ती कब प्यार में बदल गई पता ही नहीं लगा. छह भाषाओं में गाने गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली हर्षदीप की आवाज और चाहतों की गूंज मनकीत के दिलों-दिमाग में कुछ इस तरह गूंजी कि वह %सूफी सुल्ताना% को अपना दिल हार बैठे. दोनों के बीच पहले प्यार हुआ....फिर इकरार हुआ और फिर दोनों ने %ट्विस्ट कमरिया% करते-करते शादी के बंधन में बंधने का फैसला कर लिया.

बिजली की असुविधा घर में पढ़ाई करने से वंचित पिछड़ी वर्ग कमार जनजाति के बच्चे

# गरीब देवनतीन बाई बिजली नल जल पीएम आवास योजनाओं से वंचित



संवाददाता हेमचंद नागेश

**छुरा।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम जुनवानी के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति महिला देवनतीन बाई के घर आज तक बिजली व नल जल पीएम आवास योजनाएं नहीं पहुंच पाए अभी हाल ही में एक दिन की हवा पानी तूफान से उनकी घर की स्थिति दयनीय हो गया लेकिन बरसात के दिनों में कैसे रहेंगे ऐसे परिवार झिल्ली तान कर ही एक ही रूम में जीवन यापन चला रहे परिवार देवनतीन बाई ने बताया हमें योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं हो पाता ना ही हम शिक्षित है शिक्षा के अभाव के चलते आज हम योजनाओं से वंचित है लेकिन हम अपने बच्चों को शिक्षा देना चाहते हैं लेकिन गरीबी के चलते हम जो सोचते हैं नहीं कर पाते हमारा घर एक झोपड़ी जैसा एक रूम है जंगलों के नीचे बसे हुए हैं आए दिन हाथियों का डर सताए रहती है उनकी परेशानियों को शासन प्रशासन तक पहुंचाने समाजसेवी मनोज पटेल ने कहा सरकार की योजनाओं का लाभ जिन परिवारों को मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा जिनका गुनहगार विभाग के अधिकारियों का भी है सरकार ने तो योजनाएं अनेकों बनाएं लेकिन उन योजनाओं का लाभ दिलाना जिम्मेदार अधिकारियों का है केंद्र व राज्य सरकार तक गरीबों की परेशानियों को दूर करने अपील प्रयास लगातार समाजसेवी के द्वारा किया जा रहा है।

# ग्राम रोबा में सड़क किनारे सुबह सुबह एक कार और संदिग्ध अवस्था मे युवक-युवती की लाश

संवाददाता हेमचंद नागेश



**फिंगेश्वर।** गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोबा के सड़क किनारे मिली लास शव मिलने से सनसनी फैल गई है। दराअसल सुबह जब गांव वाले काम पर निकले तो देखे की गांव से 1 किलो मीटर दूर मुख्य मार्ग पर कार और दो लाश पड़ी हुई है। सूचना पर मौके पर फिंगेश्वर पुलिस, गरियाबंद स्पेशल टीम और एफएसएल की टीम पहुंच कर जांच में जुट गई है। जांच में युवक की शिनाक्त रोबा निवासी आनंद राम साहू के रूप में की है। और कार भी उसी का है युवती का नाम देवकी दीवान महासमुंद निवासी बताया जा रहा है।बता दे की मृतक 10 साल से गांव छोड़ कर महासमुंद में रहता था। आशंका लगाया जा रहा है कि घटना की रात ही वह गांव आया था। मृतक अपने भाई के पास मारने से पहले वाटशॉप मैजेस भी किया है जिसमे लिखा है कि भाई मैं अपने जीवन से बहुत दुखी हूं जीना नही चाहता। वही युवती देवकी दीवान महासमुंद की रहने वाली है जो शादी शुदा है। प्रथम जांच में मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस तहड़ीरात में जुट गई है। कि आखिर दोनों का मौत का असल कारण क्या है। दूसरी तरफ गांव में सनसनी फैला हुआ है।

# हमने एक समर्पित नेता खोया सोहन पोटाई की श्रद्धांजलि सभा में बोले अरुण साव






पुष्पांजलि टूडे छत्तीसगढ
अश्वनी अवस्थी

**कांकेर।** कांकेर लोकसभा के पूर्व सांसद स्व. श्री सोहन पोटाई को श्रद्धांजलि देने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव आज उनके गृहग्राम बाबू दबेना पहूंचे। स्व. श्री पोटाई को श्रद्धांजलि देते हुए श्री साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से चार बार कांकेर लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री पोटाई इस क्षेत्र में आदिवासियों की मुखर आवाज थे। उन्होने अपने कार्यकाल में कांकेर लोकसभा के विकास के लिए समुचित आवाज उठाई । स्व. श्री पोटाई के जाने से आदिवासी समाज ने अपना एक कददावर नेता खो दिया है जो समय-समय पर आदिवासियों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाते थे। श्री साव ने स्व. श्री पोटाई के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में भगवान मृतात्मा को शांति प्रदान करे व शोक संतप्त परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। दुःख की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी स्व श्री पोटाई के परिजनों के साथ खड़ी है । श्री साव के साथ राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले सहित भाजपा के अन्य नेता व कार्यकर्ता भी शोक संतप्त परिजनों के दुख में शामिल होने व उन्हें सांत्वना देने बाबू दबेना पहूंचे थे ।

# दुनिया संतो के बताए मार्ग पर चल रही है भूपेश संतो को मार्ग बताने का दुसाहस कर रहे है:अरुण साव

## संतो का छत्तीसगढ़ आना हम सबका सौभाग्य,कांग्रेस ने संतो का हमेशा अपमान किया है:अरुण साव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संतो के बताए मार्ग पर हमको चलना है ना कि हमें संतो को मार्ग बताना है जो संतो को बताएं कि संत को क्या करना है उसकी बुद्धि कितनी है इसका आकलन करना मुश्किल नहीं है कांग्रेस के डीएनए में रहा है कि वह साधु-संतों का ,हिंदू समाज का, हिंदू धर्म का हिंदुत्व का, अपमान करती रही है पूज्य संतों का छत्तीसगढ़ में आना सौभाग्य का विषय है कांग्रेस के नेताओं को संतो के चरण धोने चाहिए परंतु वे संतों का स्वागत करने की जगह उन पर टिप्पणी कर रहे है यह शर्मनाक हैं इसीलिए ही कांग्रेस विलुप्त होती जा रही है संत समाज को निर्देश देना अक्षम्य अपराध है।अरुण साव ने कहा कांग्रेस सरकार को यह सोचना चाहिए कि आज संत समाज को धर्मांतरण रोकने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश में इतना परिश्रम क्यों करना पड़ रहा है सरकार को शर्म आनी चाहिए कि जो काम सरकार का है वह संत समाज को करना पड़ रहा है संत समाज के लिए टिप्पणी करने की बजाय सरकार अपने कामों पर ध्यान दें।

**कांग्रेस सरकार को शर्म आनी चाहिए जो धर्मातरण उन्हे रोकना है उसके लिए संत समाज को परिश्रम करना पड़ रहा है:अरुण साव**

B J P

# पत्रकार सुरक्षा कानून : छत्तीसगड़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया




ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी

**रायपुर।** भूपेश बघेल मंत्रिमंडल की बैठक में छत्तीसगड़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक- 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किये जाने पर छत्तीसगड़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने कहा है कि मीडिया कर्मियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिससे अपने कर्तव्यनिर्वहन के लिये जल्द ही मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कवच मिलेगा। प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस मामले में रुचि लेकर सुप्रीम कोर्ट के अवकाश प्राप्त जस्टिस आफताब आलम की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। सुरक्षा विधेयक के मसौदा को लेकर जस्टिस आलम ने रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा में बैठकें ली। इन तीनों स्थानों में छत्तीसगड़ श्रमजीवी पत्रकार के प्रतिनिधियों ने मसौदे पर अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। राष्टीय उपाध्यक्ष बृजेश चौबे, कोषाध्यक्ष अनिल पवार, प्रांतीय सचिव मनोज मिश्रा ,संजू जैन प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारीसहित प्रांतीय कार्यकारिणी संभागीय अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, एवं संघ के सभी प्रांत के साथियों ने यह विधेयक यथाशीघ्र कानून के स्वरूप में सामने होगा, उम्मीद जताते हुए मीडिया कर्मियों के प्रति सहृदयता रखने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुरक्षा कानून के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया



संवाददाता हेमचंद नागेश

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर-गरियाबंद द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम चैतरा, जिला-गरियाबंद में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ 15/03/23 को भारत माता, युग प्रणेता स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगड़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर के उदघाटन के अवसर पर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का सामूहिक गायन किया गया। मुख्य अतिथि संतोषी साहू, अध्यक्ष मा. शा. वि. स., विशिष्ट अतिथि तरणी साहू, अध्यक्ष प्रा. शा. वि. स., अतिथियों द्वारा शिविर की दिनचर्या के बैनर का अनावरण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ सी. आर. नेताम द्वारा अपने उदबोधन में शिविर का छात्र जीवन मे महत्व, समाज उत्ताथन एवं चरित्र निर्माण पर प्रकाश डाला गया। प्रधान पाठक, गीता साहू मा. शा., एवं विनोद साहू प्रा. शा., द्वारा स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये ग्राम आने पर अभिनंदन किया गया। रा. से. यो. प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रस्तावित कार्य-योजना का उल्लेख करते हुये स्वयंसेवकों को समाज से जुड़ने व सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधि को जानने समझने के लिए रा. से. यो. को उचित माध्यम बताया गया। शिविरार्थी चेतना साहू, एवं बबली साहू द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन प्रियांशु कुमार सिन्हा बी.एस. सी. कृषि (ऑनर्स) चतुर्थ वर्ष द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन रा. से. यो. के सह प्रभारी डॉ. द्वारिकाधीश चुरपल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वंसेवको सहित महाविद्यालय के शिक्षक, डॉ. सरोज मिश्रा, डॉ. प्रिया सिन्हा, ललिता साहू, गिरीश वर्मा, विभा चंद्राकर तथा विद्यालय शिक्षक, स्कूली छात्र छात्राओं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दिघोरी मे निःशुल्क मोतियाबिंद, स्वास्थ एवं रक्तदान शिविर का आयोजन होगा अरूण कालबेले

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम गौरव समिति दिघोरी एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन 22 मार्च दिन बुधवार को ग्राम दिघोरी में आयोजित किया गया है। इस शिविर में महावीर इंटरनेशनल लांजी, ग्राम गौरव समिति मोहझरी के सहयोग से आयोजन किया जाएगा। गौरव समिति दिघोरी के अध्यक्ष अरूण कालबेले ने बताया कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र में सेवा के कार्य आयोजित किया जा रहा है, इस आयोजन मे ग्रामीण समाजसेवीयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त है। मोतियाबिंद मरीजों को महावीर इंटरनेशनल संस्था के द्वारा महावीर सेवा के माध्यम से सारी सुविधाओं के साथ ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया जाएगा, साथ ही महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल का पूर्ण सहयोग प्राप्त है। शिविर प्रातः 11ः00 बजे से 4 बजे तक शिविर सभी सदस्यों के सहयोग से क्षेत्र के मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्तियों की मदद के लिए हर संभव मदद प्रयास जो संभव हो किया जा रहा है।

साथ ही डॉक्टर वेदप्रकाश लिल्हारे एमबीबीएस डीएनबी मधुमेह रोग एवम हृदय रोग विशेषज्ञ के द्वारा हाथ पैर में दर्द शरीर में दर्द बुखार, बार बार बुखार आना, दिल की बीमारी और भी समस्याओं से ग्रसित लोगों के इलाज का उपचार किया जाएगा। साथ ही रक्तदान कर लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्त दान का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

**इनका रहेगा सहयोग**-इस अवसर पर ग्राम गौरव समिति दिघोरी के सभी सदस्यों एवम स्थानिय ग्रामीण जन उपस्थिति रहेंगे तथा महावीर इंटरनेशनल लांजी के सदस्यों के सहयोग से जिसमें वरिष्ठ क्षेत्र के नागरिक, महिला पुरुष सभी की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार जिन्हें आवश्यक हो उनकी जांच निशुल्क बीपी शुगर एवं आवश्यक दवाइयां उन्हें निशुल्क दी गई और मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिसमें संस्था के प्रशिक्षक डॉ कर्मवीर सिंह,




इंद्रकुमार राजा भूते के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं उनके स्वास्थ्य की जांच निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई जाएंगी। इस अवसर पर अरूण कालबेले अध्यक्ष ग्राम गौरव समिति, विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर × चेयरमेन लांजी, रविन्द्र पारधी, बसंत मडामे, भागवत सुलाखे, डॉ. भोजराज कालबेले , डॉ. भुमेंश्वर नागपुरे, महेश धारने, भागवत सुलाखे, बीरबल दशरिया, सुरेन्द्र मंसुरे, श्री राजेश घोरमारे, रितेश कालबेले, सुरेन्द्र दमाहे, निशांत दमाहे,निखिल मडामे, सुभाष उरखेड़े, रितेश कटरे, डॉ अनिल सुलाखे, राजेश अगासे, अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भूते , नंदकिशोर बिलावर, फणींद्र दुरूगकर, रामकुमार खरगाल, उमाकांत उपराडे ,राधेश्याम नखाते उपसरपंच लाडसा , पवन खरखाते, जगन्नाथ दादू नाकतोड़े, रूपेश नखाते, मोनू अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, अंचल कालबेले एवं समस्त स्थानिय जन तथा ग्राम गौरव समिति दिघोरी एवम महावीर इंटरनेशनल लांजी के सभी सदस्यों ने उपस्थित की अपील की है।

## कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

19 मार्च को कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रथम चरण का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसका निरीक्षण कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया और मूल्यांकन कर्ताओं को निर्देश दिए गए कि मूल्यांकन कार्य पूर्णता गंभीरता से करें और माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियम निर्देशों का क?ाई से पालन करें. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्री अश्विनी उपाध्याय एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री अनिल कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2023 का मूल्यांकन कार्य का प्रथम चरण 19 मार्च 2023 को मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में प्रारंभ होने से पूर्व मूल्यांकनकर्ताओ की एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी उपाध्याय द्वारा मूल्यांकन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये तथा मूल्यांकन कार्य को पूर्णता गंभीरता से करने कहा गया। बैठक में कलेक्टर प्रतिनिधि श्री अनिल वर्मा सेवानिवृत डिप्टी कलेक्टर भी मौजूद रहे।

## रक्तदान करके बचाई बच्ची की जान

**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा पाली जिला स्थित** - बाली शिवम अस्पताल में भर्ती बाली निवासी संगीता देवासी उम्र 10 साल इमरजेंसी ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ने पर मरीज के परिजनों ने कई जगह रक्त दाता से संपर्क किया लेकिन व्यवस्था ना हो पाई जिसकी सूचना प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी और जिला प्रभारी संजय हीरागर को लगी उन्होंने गंभीर प्रयास करके शिव तलाव से यशपाल सिंह जी को बुलाकर इमरजेंसी ए पॉजिटिव ब्लड रक्तदान कराया और बच्ची को नया जीवनदान दिया खून मिलने के बाद मरीज के परिजनों ने रक्तदाता का आभार जताया कि रक्तदान से बड़ी कोई सेवा नहीं हम हमेशा मानव जीवन सेवा के लिए तैयार रहते हैं



## थाना प्रभारी मेहगांव ने ग्राम बिरगंवा में लगाई चौपाल, किया संवाद

## जमीन संबंधी (फसल काटने को लेकर होने वाले ) विवादो की ली जानकारी

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे,श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री आर के एस राठौड़ के निर्देशन पर लगाई चौपालग्राम पचेरा, कुहार, में निकाला मार्च पास्टअपराध से दूर रहने, जमीन विवाद की शिकायत तत्काल राजस्व विभाग को करने व उसकी सूचना थाने पर देने की अपील गोरमी तिराहा, भिंड तिराहा, हाट बाजार , सदर बाजार में हाथ ठेलो , दुकानदारों द्वारा सामान रोड लगा लेने, ग्राहको द्वारा वाहन रोड पर खड़ा कर देने के कारण होने वाली टैफिक अवयवस्थो को दूर करने हाथ ठेलो वालो,दुकानदारों , ग्राहको को रोड पर अव्यवस्थित सामान, ठेले, वाहन न रखने की कि अपील थाना प्रभारी निरी. रविंद्र शर्मा , उप निरीक्षक हरजेंद्र चौहान, एएसआई राजेंद्र गुर्जर, प्रधान आर प्रदीप पचौरी , संजय पांडे, जितेंद्र पाराशर , जितेंद्र जाटव, आरक्षक धीरज सिकरवार, मुन्नेश तोमर, प्रदीप तोमर, बहादुर यादव, पदम रावत, राम खिलाड़ी श्रीवास ने कस्बा मेहगांव में अनाज मंडी , हाइवे पर ठेलो के पीछे बैठने वाले असमाजिक तत्वों पर नजर रखने सार्वजनिक स्थानों पर शराब खोरी रोकने के लिए लगातार इन स्थानों पर भी किया जा रहा है भ्रमण।



## 24 वर्षीय पायलट मोहित कुमार एवं 19 वर्षीय ट्रेनी पायलट कु वृशंका माहेश्वरी विमान दुर्घटना में शहीद





**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

18 मार्च 2023 को बालाघाट जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमारा के भक्कूटोला एवं केरझरी की पहाड़ी के बिच ट्रेनिंग सेंटर बिरसी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) का प्लेन वी टी - एफजीएल माडल नंबर डीए-40 जो कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकेडमी फुरसतगंज एयरफिल्ड रायबरेली से संबंधित था दुर्घटना ग्रस्त हो गया था जिसमें सवार एक पायलट और एक ट्रेनी पायलट की मृत्यु हुई है। ट्रेनी पायलट 23 वर्षीय कुमारी वी माहेश्वरी गुजरात के गांधीधाम की रहने वाली थी और 25 वर्षीय कैप्टन मोहित ठाकुर हिमाचल प्रदेश के डलहौजी के रहने वाले थे। दोनों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। इस पुरे मामले में लांजी थाने में कायमी मर्ग क्रमांक 09/2023 धारा 174 जाफौ के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है जिसकी जांच कार्य. उनि. आर के सिंह ठाकुर थाना लांजी कर रहे हैं।

**जाने-माने उद्योगपति परिवार चंदन माहेश्वरी की होनहार पायलट बेटी थी वृषिका चंदन माहेश्वरी विमान हादसे में गुजरात के**-गांधीधाम की जानी-मानी माहेश्वरी हैंडलिंग फर्म के पार्टनर एवं जाने-माने उद्योगपति परिवार चंदन माहेश्वरी की बेटी की होनहार पायलट बेटी वृषिका चंदन माहेश्वरई की मृत्यु हो गई। वृषिका को नियमानुसार 100 घंटे की उड़ान पूरी करने के बाद विमान उड़ाने की अनुमति दी गई। बिरसी के एयरस्ट्रिप कंट्रोलर ने बताया था कि विमान की आखिरी लोकेशन किरनापुर के पास 3.45 बजे देखी गई। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतिका ट्रेनी पायलट कु वृषिका के पार्थिव शरीर को लेने दिवंगत पायलट कु वृषिका के मामाजी निशांत कचौरियां, वंदन माहेश्वरी चाचाजी औरसंतोष मोहता फुफाजी लांजी सिविल अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के द्वारा शव को ग्रहग्राम गांधीधाम प्राइवेट हवाईजहाज से ले जाया गया।वृषिका ने नियमानुसार 100 घंटे की उड़ान पूरी कर ली थी और उसे पायलट के रूप में विमान उड़ाने की भी अनुमति थी। वृषिका माहेश्वरी के मामाजी ने बताया कि वृषिका कराते खिलाडी थी और उन्होंने गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया था। परिवार की होनहार बेटी के साथ बहुत ही कुशाग्र बुद्धि वाली थी। बारहवीं की परिक्षा उत्तिर्ण करने के बाद सीधे पायलट की तैयारी की और अभी ट्रेनिंग में थी। लेकिन जैसे ही यह खबर मिली तो हम सभी मध्यप्रदेश के बालाघाट के लिए रवाना हो गए। आज हमें पार्थिव शरीर सौंपा गया है, जिसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**पायलट मोहित कुमार के परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल**-हिमाचल प्रदेश के डलहौजी के सामान्य परिवार में जन्मे मोहित कुमार ठाकुर का विमान हादसे में निधन हो गया। हादसे में मृत पायलट मोहित कुमार ठाकुर के विमान हादसे की जानकारी परिजनों को मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन लांजी सिविल अस्पताल में पंहुचते ही मोहित ठाकुर के पिता एवं परिजन भावुक हो गए। मोहित ठाकुर के पिता कुशेल ठाकुर ने बताया कि मोहित की पहली पोस्टिंग रायबरेली में हुई थी और बिरसी एयरपोर्ट पर मार्च 2023 को पोस्ट हुए थे। 24 वर्ष की उम्र में हमें छोड़कर मेरा बेटा चला गया, परिवार में एक छोटा बेटा है तथा माताजी शिक्षक हैं।

**डाक्टर के 3 सदस्यीय दल ने किया पोस्टमार्टम**-विमान हादसे में मृत दोनों पायलटों के शव के पोस्टमार्टम के लिए 3 डाक्टर का एक दल गठित किया गया जिसमें लांजी सिविल अस्पताल के बीएमओ डा प्रदीप गेडाम, किरनापुर बीएमओ डा अखिलेश मराठे एवं बहेला डाक्टर एमके सिंह के द्वारा दोनों शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान विडियोग्राफी भी की गई। पीएम के पश्चात रिपोर्ट तैयार कर पुलिस प्रशासन एवं विमान विभाग को रिपोर्ट सौंप कर शव परिजनों को सौंपा गया।

## आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत जिला रायसेन की बैठक संपन्न

**पुष्पांजली टुडे रायसेन**

18 मार्च दिन शनिवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ के निवास पर जिला रायसेन में आरोग्य भारती मध्य भारत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भगवान धनवंतरी जी के चित्र पर पुष्प माला से पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया।बैठक में मुख्य अतिथि माननीय जिला संघचालक (आर.एस.एस.) एडवोकेट दिनेश शर्मा ने आरोग्य भारती के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया एवं बैठक अध्यक्ष महोदय नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय रायसेन डॉ शरद साहू आरोग्य भारती के मुख्य उद्देश्य अनेक बीमारियों को रोकथाम के बारे में बताया। बैठक संचालन डॉ जगदीश कुशवाहा आरोग्य भारतीय मित्र प्रशिक्षण मुख्य कार्य क्या है? कार्यकर्ताओं को बताया। आरोग्य भारती की स्थापना कब हुई मुख्य उद्देश्य क्या है? स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ राष्ट्र हमारा उद्देश्य है,उसके बारे में कार्यकर्ताओं को बताया। आगामी 7 मई को उज्जैन में क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के बारे में बताया। बैठक में संघ संचालक एडवोकेट दिनेश शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय रायसेन डॉ साहू , आरोग्य भारती जिला सह संयोजक आरोग्य भारती जिला सह संयोजक जगदीश कुशवाहा, आरोग्य भारती सदस्य एडवोकेट गिरजेश कुशवाहा, एडवोकेट पूजा शर्मा ,श्री तुलसीराम कुशवाहा ,श्री इमरत, अनिल जी, महेश जी, सौरभ लोधी, अभिषेक, रेवाराम लाइनमैन, श्री भागचं एवं आरोग्य भारती समस्त कार्यकर्ता बंधु जिला रायसेन मध्य भारत प्रांत की उपस्थिती रही।




## उठावानी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है ड़ी हमारे बड़े भाई

**श्री गंगाराम शर्मा जी**

का स्वर्गवास 17 मार्च 2023 शुक्रवार को हो गया है जिनकी उठावानी आज दिनांक 20 मार्च 2023 सोमवार को हमारे निजनिवास नारायण विहार कॉलोनी में रखी गई हैं

**शोकाकुल परिवार**

रामरतन शर्मा ( चाचा )अखिलेश शर्मा दशरथ शर्मा अरविन्द शर्मा
श्रीकांत शर्मा अमित शर्मा भाई एवं समस्त शर्मा परिवार
मंगेश शर्मा, रोहित शर्मा मोहित शर्मा,अनूप शर्मा (भतीजेगड़)
कृष्णा शर्मा नाती




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478